पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या–UAHIN/25/A3123

www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक

# पर्वत प्रेरणा

निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

वर्ष : 3 | अंक : 8 | हल्द्वानी | शुक्रवार, 14 अगस्त 2026 | मूल्य 1.00 रुपये | पृष्ठ: 8


### शुभकामना संदेश

सुधी पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं तथा सभी देश प्रदेशवासियों को 80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। दैनिक सांध्य पर्वत प्रेरणा कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त, 2026, शनिवार को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 16 अगस्त, 2026 को होगा।

–सम्पादक

## चमोली टनल हादसा

# मलबे और पानी के सैलाब में दबे मजदूर, सात की मौत



### 12 घायल, तीन अब भी लापता, सीएम धामी ने जाना घायलों का हाल, मृतकों के लिए चार-चार लाख रुपये देने की घोषणा की

**चमोली।** जिले के मायापुर (पीपलकोटी) क्षेत्र में टीएचडीसी की निर्माणाधीन विष्णुगाड-पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना की टीआरटी टनल में गुरुवार रात हुआ हादसा दिल दहला देने वाला था। अचानक टनल के भीतर करीब 150 मीटर दूर तेज आवाज के साथ भारी भूस्खलन हुआ। देखते ही देखते मलबा, पानी और पत्थर तेज गति से सुरंग के अंदर घुस आए। मलबे के तेज धक्के से कई मजदूर दूर जा गिरे, जबकि कुछ लोग मलबे में दब गए। कुछ मजदूर धक्के के कारण टनल के बाहर की ओर आ गए। हादसे के बाद टनल के भीतर चीख-पुकार मच गई। मजदूर बचाओ-बचाओ चिल्लाने लगे। कई स्थानों से मलबा और पानी आने के कारण टनल में ऑक्सीजन का स्तर बेहद कम हो गया। दमघोंटू माहौल के बीच कुछ मजदूर मलबे में आगे बढ़ने में भी असमर्थ हो गए। यह हादसा जेसाल गांव के नीचे हुआ। स्थानीय स्तर पर यह बात भी सामने आ रही है कि टनल में दो दिन से मलबा गिरने की घटनाएं हो रही थीं। इसके बावजूद परियोजना प्रबंधन की ओर से कथित तौर पर पर्याप्त सतर्कता नहीं बरती गई। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र देहरादून के अनुसार करीब तीन किलोमीटर लंबी टीआरटी टनल के लगभग 1.50 किलोमीटर हिस्से में भूधंसाव के कारण मलबा और पानी भर गया। उस समय टनल के अंदर काम कर रहे मजदूर इसकी चपेट में आ गए। प्रारंभिक सूचना के अनुसार हादसे के समय कुल 22 लोग टनल के भीतर फंसे थे। इनमें से 12 घायलों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। हादसे में सात लोगों की मौत की सूचना है, जबकि तीन लोग अभी भी लापता हैं। उनकी तलाश में एसडीआरएफ समेत विभिन्न एजेंसियों का सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी है। राहत एवं बचाव अभियान में सहयोग के लिए टनल के भीतर गए छह बचावकर्मी भी सुरक्षित बताए गए हैं। एसडीआरएफ सेनानायक अर्पण यदुवंशी के निर्देशन में एसडीआरएफ की छह टीमें घटनास्थल पर तैनात हैं। टनल के भीतर मलबा, पानी, सीमित जगह और अन्य चुनौतियों के बीच रेस्क्यू विशेषज्ञ सावधानी और समन्वय के साथ अभियान चला रहे हैं। रेस्क्यू किए गए घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। इनमें 11 घायलों का उपचार जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में चल रहा है, जबकि रोहित पाण्डे का उपचार बेस अस्पताल श्रीनगर में किया जा रहा है।

**घायल लोगों में** सुनील दीवान (20), छत्तीसगढ़, हारबिल गुडिया (27), तपरा, निस्तर भिंगरा (24), झारखंड, विनोद रावना (46), झारखंड, दीना बेगरा (26), झारखंड, खेला राम बिसरा (22), झारखंड, सुबेग सिंह (45), पंजाब, तिलकराज, हिमाचल प्रदेश, चंदन कुमार (39), रोहतास, बिहार, पेन सिंह (33), छत्तीसगढ़, रोहित पाण्डे (20), बिहार, गोविन्दो मंडाल, पश्चिम बंगाल,

**मृतकों में** प्रदीप पंवार (31), टिहरी गढ़वाल; मुकेश सिंह, चमोली, दुर्लभ शर्मा, उत्तर प्रदेश; विजय हंसदा, उत्तर प्रदेश, जितेन्द्र कुमार, उत्तर प्रदेश, लोकेश्वर, छत्तीसगढ़ और भुनेश्वर, छत्तीसगढ़ की मौत की सूचना है।

**लापता मजदूर–** लुकास टोपनो, झारखंड; चेतन पोयाम, छत्तीसगढ़ और देवनाथ, छत्तीसगढ़ अभी लापता हैं। उनकी तलाश के लिए टनल के भीतर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

प्रशासन के अनुसार राहत एवं बचाव अभियान जारी है और अभियान के दौरान प्रभावित लोगों की संख्या में आवश्यकतानुसार बदलाव संभव है। टनल के भीतर फंसे लोगों तक पहुंचने के लिए बचाव दल बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में लगातार काम कर रहे हैं

### टनल हादसे के घायलों से मिले मुख्यमंत्री धामी



**चमोली।** मायापुर (पीपलकोटी) स्थित टीएचडीसी की निर्माणाधीन टनल में हुए हादसे के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटनास्थल पहुंचकर रेस्क्यू अभियान का जायजा लिया। इसके बाद मुख्यमंत्री जिला अस्पताल गोपेश्वर पहुंचे और रेस्क्यू किए गए घायल श्रमिकों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों से उनके स्वास्थ्य और उपचार की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों से अस्पताल में उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि घायल श्रमिकों के उपचार में किसी भी प्रकार की कमी न रहे और उनके स्वास्थ्य की लगातार निगरानी की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की जान बेहद कीमती है और टनल में फंसे प्रत्येक श्रमिक को सुरक्षित बाहर निकालना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि रेस्क्यू अभियान में उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि हादसे से प्रभावित श्रमिकों के परिजनों को समय पर सूचना उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से स्वयं वार्ता की है। साथ ही हादसे के कारणों की जांच के लिए मजिस्ट्रियल जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं। इस दौरान बदरीनाथ विधायक लखपत सिंह बुटोला, जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. राजीव पाल सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इधर मुख्यमंत्री ने मृतकों के लिए चार-चार लाख रूपये देने की घोषणा की।

## एक नजर

### बेटे को पूछताछ को हिरासत में ले गई पुलिस, सदमे में मां ने तोड़ा दम

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा बेटे को हिरासत में लिए जाने के बाद एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान दुर्गा कॉलोनी निवासी सविता जोशी के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि बेटे को छुड़ाने के लिए सविता ने पुलिस से गुहार लगाई थी, लेकिन उसे गंभीरता से नहीं लिया गया। घटना के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट होने की बात कही है जानकारी के अनुसार, दुर्गा कॉलोनी में किराये के मकान में रहने वाले राजीव जोशी रामपुर रोड स्थित नैनीताल मोटर्स में नौकरी करते हैं। मंगलवार रात करीब साढ़े नौ बजे मुखानी पुलिस ने उनके बेटे को हिरासत में लिया था। पुलिस के मुताबिक, युवक सार्वजनिक स्थान पर हंगामा कर रहा था। हालांकि, परिवार ने ऐसी किसी घटना से इनकार किया है।बेटे के हिरासत में लिए जाने की जानकारी मिलने पर सविता जोशी थाने पहुंचीं। परिजनों के मुताबिक, उन्होंने बेटे को छोड़ने की गुहार लगाई। पुलिस ने बताया कि युवक का 81 एक्ट के तहत चालान किया गया है और उसे बाद में छोड़ दिया जाएगा। इसके बाद सविता घर लौट आईं।

# अभिषेक बाल्मिकी का शव पहुंचा गांधी कॉलोनी

### भारी संख्या में पुलिस बल तैनात, परिजनों में मचा कोहराम, नेताओं का लगा जमावड़ा

पर्वत प्रेरणा संवाददाता



**रुद्रपुर।** सड़क दुर्घटना में घायल हुए गांधी कॉलोनी निवासी अभिषेक वाल्मीकि का बीती शाम निधन हो गया। उनका उपचार बरेली के राम मूर्ति अस्पताल में चल रहा था ।

उनकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें ऋषिकेश स्थित एम्स में रेफर कर दिया था। जहां रास्ते में ही उनका निधन हो गया। उनकी मौत का समाचार सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। तमाम राजनीतिक ,सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया। उनका पार्थिव शरीर आज दोपहर उनके निवास स्थान गांधी कॉलोनी पहुंचा। यहां तमाम लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।सुरक्षा को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था।

गौरतलब है कि सड़क हादसे में अभिषेक और उसका साथी जतिन घायल हो गए थे। अभिषेक की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बरेली के राम मूर्ति अस्पताल में भेज दिया गया था। जहां लंबे उपचार के बाद उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी सन्नी चुघ को गिरफ्तार कर लिया था। इसको लेकर रुद्रपुर में दो-तीन दिन तक अच्छा खासा बवाल भी हुआ था।



# सम्पादकीय

## विभाजन की विभीषिका, इतिहास से सबक लेने का समय

हम आपको याद दिला दें आज ही के दिन 14 अगस्त 1947 विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस भारत विभाजन इतिहास के उन अध्यायों में शामिल है, जिन्हें पढ़ते हुए मनुष्य की आंखों के सामने केवल राजनीतिक सीमाएं नहीं, बल्कि उजड़ते घर, बिछड़ते परिवार, खून से सनी रेलगाड़ियां और अपनी जन्मभूमि से बेदखल होते लाखों लोग दिखाई देते हैं। आजादी की सुबह अपने साथ स्वतंत्रता का उत्सव लेकर आई, लेकिन उसके ठीक पहले देश ने ऐसी विभीषिका देखी, जिसके जख्म 79 वर्ष बाद भी पूरी तरह नहीं भर सके हैं। विभाजन केवल जमीन का बंटवारा नहीं था। यह समाज, परिवारों और मानवीय रिश्तों का भी विभाजन था। पंजाब और बंगाल में लाखों लोगों को अपना घर-बार छोड़कर अनजान रास्तों पर निकलना पड़ा। कितने लोग मारे गए, कितने लापता हुए और कितने परिवार हमेशा के लिए बिछड़ गए, इसकी पीड़ा का पूरा हिसाब शायद इतिहास कभी नहीं लगा पाएगा।

विभाजन के लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाए, यह सवाल आज भी राजनीतिक और ऐतिहासिक बहस का विषय है। मुस्लिम लीग की अलग राष्ट्र की मांग, दो-राष्ट्र सिद्धांत, बढ़ता सांप्रदायिक तनाव, कांग्रेस और मुस्लिम लीग के बीच राजनीतिक गतिरोध तथा ब्रिटिश सरकार की जल्दबाजी इन सभी परिस्थितियों ने मिलकर उस त्रासदी की जमीन तैयार की। कांग्रेस नेतृत्व द्वारा विभाजन को स्वीकार करने के निर्णय पर भी गंभीर सवाल उठते रहे हैं। आलोचकों के अनुसार, तत्कालीन नेतृत्व ने अंग्रेजों की जल्दबाजी और मुस्लिम लीग के दबाव के आगे समझौता किया। वहीं दूसरा पक्ष मानता है कि उस समय की हिंसा और राजनीतिक गतिरोध के बीच अखंड भारत को बनाए रखना अत्यंत कठिन हो चुका था। सच यह है कि इतिहास को केवल आज की राजनीतिक दृष्टि से देखने पर उसके अनेक जटिल पक्ष छूट जाते हैं। तत्कालीन परिस्थितियों में लिए गए फैसलों को समझने के लिए उस दौर की हिंसा, राजनीतिक परिस्थितियों और ब्रिटिश सत्ता की नीतियों को भी देखना होगा। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि उन फैसलों पर सवाल नहीं उठाए जा सकते। लोकतंत्र में इतिहास के कठिन प्रश्नों पर बहस होना जरूरी है, क्योंकि वही समाज को अपनी गलतियों से सीखने का अवसर देता है।

महात्मा गांधी का विभाजन के प्रति विरोध इस त्रासदी का सबसे महत्वपूर्ण नैतिक पक्ष है। वे धर्म के आधार पर देश के बंटवारे के समर्थक नहीं थे। जिस स्वतंत्र भारत की कल्पना उन्होंने की थी, उसमें सभी धर्मों और समुदायों के लिए समान स्थान था। स्वतंत्रता के अवसर पर उनका दिल्ली के सत्ता-केंद्रित समारोहों से दूर रहकर हिंसा से पीड़ित लोगों के बीच रहना बताता है कि उनके लिए आजादी का अर्थ केवल सत्ता हस्तांतरण नहीं, बल्कि सामाजिक सद्भाव और मानवीय गरिमा भी था। विभाजन की राजनीतिक कीमत के साथ इसकी रणनीतिक कीमत भी देश को चुकानी पड़ी। कश्मीर विवाद, भारत-पाकिस्तान युद्ध, सीमा विवाद और आतंकवाद ने आने वाले दशकों में राष्ट्रीय सुरक्षा को बड़ी चुनौती दी। भारत को अपनी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए लगातार भारी संसाधन लगाने पड़े। लेकिन सबसे बड़ी कीमत उन परिवारों ने चुकाई, जिनकी पीढ़ियों की स्मृतियों में विभाजन आज भी एक दर्द बनकर मौजूद है। आज जब समाज में राजनीतिक और वैचारिक मतभेद तेजी से बढ़ते दिखाई देते हैं, तब विभाजन की स्मृति और भी प्रासंगिक हो जाती है। इतिहास हमें चेतावनी देता है कि जब सामाजिक अविश्वास, सांप्रदायिक तनाव और राजनीतिक स्वार्थ एक-दूसरे से मिल जाते हैं, तो उसकी कीमत केवल वर्तमान पीढ़ी नहीं, आने वाली पीढ़ियां भी चुकाती हैं।

इसलिए 14 अगस्त केवल शोक का दिन नहीं है। यह आत्ममंथन का दिन है। उन लाखों विस्थापितों और मृतकों को नमन करने का दिन है, जिन्होंने विभाजन की त्रासदी झेली। साथ ही यह संकल्प लेने का दिन भी है कि भारत की एकता और सामाजिक सद्भाव को किसी भी राजनीतिक या सांप्रदायिक स्वार्थ से ऊपर रखा जाएगा। इतिहास को बदला नहीं जा सकता, लेकिन इतिहास से मिलने वाली चेतावनी को नजरअंदाज जरूर किया जा सकता है। हमें ऐसा नहीं करना चाहिए। विभाजन की विभीषिका का सबसे बड़ा संदेश यही है देश की सीमाएं नक्शे पर खींची जा सकती हैं, लेकिन समाज के बीच पैदा हुई दरारों को भरने में पीढ़ियां लग जाती हैं। इसलिए भारत की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव की रक्षा करना ही विभाजन के पीड़ितों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

# राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस को लेकर जागरूकता सत्र आयोजित, विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच और शोध की दी जानकारी



**लालकुआं।** बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और उनमें अनुसंधान की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चाइल्ड सैक्रेड स्कूल, लालकुआं में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस को लेकर विशेष मार्गदर्शन एवं जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। शिवालिक चिल्ड्रन साइंस फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को वैज्ञानिक सोच, शोध प्रक्रिया और स्थानीय समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में फाउंडेशन की टीम के सदस्य सुमित पांडे, प्रेरणा और धनिष्का ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस महज एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और उन्हें अपने आसपास की समस्याओं को वैज्ञानिक पद्धति से समझने एवं उनके समाधान तलाशने का अवसर प्रदान करने वाला मंच है। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को बताया कि वे विद्यालय स्तर से अपनी वैज्ञानिक यात्रा शुरू कर जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकते हैं। इस दौरान प्रतियोगिता के नियमों, प्रक्रिया और विभिन्न श्रेणियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि प्रतियोगिता में 10 से 14 वर्ष की आयु के विद्यार्थी जूनियर श्रेणी तथा 14 से 17 वर्ष की आयु के विद्यार्थी सीनियर श्रेणी में प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रत्येक परियोजना के लिए दो विद्यार्थियों की टीम बनाई जाएगी, जिसमें एक विद्यार्थी ग्रुप लीडर के रूप में परियोजना की प्रमुख जिम्मेदारी निभाएगा।

सत्र के दौरान विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट चयन की प्रक्रिया भी समझाई गई। उन्हें बताया गया कि किसी स्थानीय समस्या की पहचान किस प्रकार की जाए, वैज्ञानिक विधि से आंकड़े कैसे एकत्र किए जाएं और प्रभावी वैज्ञानिक प्रोजेक्ट रिपोर्ट किस तरह तैयार की जाए। फाउंडेशन की टीम ने निर्धारित मुख्य विषय और उसके अंतर्गत आने वाले पांच प्रमुख उप-विषयों की भी जानकारी विद्यार्थियों को दी। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने विज्ञान, अनुसंधान और प्रोजेक्ट से संबंधित विभिन्न सवाल पूछे। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें वैज्ञानिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

# जेएनवी के एनसीसी कैडेट्स ने टीबी मुक्त भारत वेबिनार में लिया हिस्सा



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता।**

**पिथौरागढ़।** देश को तपेदिक (टीबी) मुक्त बनाने के माननीय प्रधानमंत्री के विजन और संकल्प को आगे बढ़ाते हुए, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) पिथौरागढ़ के एनसीसी कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में हिस्सा लिया। 80 यूके बटालियन एनसीसी पिथौरागढ़ के अंतर्गत आने वाले इस विद्यालय के 10 वरिष्ठ एनसीसी कैडेट्स ने केंद्रीय टीबी प्रभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित एक विशेष लाइव वेबिनार में सहभागिता की। यह प्रेरणादायक कार्यक्रम देश से टीबी के पूर्ण उन्मूलन के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। वेबिनार में विद्यालय के वरिष्ठ कैडेट्स ने सीटीओ एवं टीजीटी हिंदी जय कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में भाग लिया। इस ऑनलाइन सत्र के दौरान सभी कैडेट्स ने अत्यंत अनुशासन और उत्साह का परिचय देते हुए न केवल कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना, बल्कि टीबी नियंत्रण से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं के नोट्स भी तैयार किए। वेबिनार में सीनियर अंडर ऑफिसर समीर कुमार, कैडेट कवीन्द्र सिंह थापा, कार्तिक पाठक, इशांत सिंह बोरा, निबोध धामी, लक्ष्मण सिंह, सिद्धार्थ बोरा, आदित्य अग्रहरि, अंशुमन सिंह बोरा और यश पटियाल ने सक्रिय रूप से भाग लिया। वेबिनार के दौरान स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए और मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। एनसीसी कैडेट्स आगामी आयुष्मान भारत शिविरों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे और निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों को गोद लेने तथा उनकी सहायता करने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत आम जनता को जागरूक करने के लिए वॉल पेंटिंग (दीवार लेखन) और नुक्कड़ नाटक जैसे माध्यमों का सहारा लिया जाएगा। जनता को सार्वजनिक स्थानों पर थूकने से बचने के प्रति जागरूक किया जाएगा क्योंकि यह संक्रमण फैलाने का एक बड़ा कारण है। इसके साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान को भी टीबी नियंत्रण से जोड़कर प्रचारित किया जाएगा। कैडेट्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से डिजिटल कैंपेन चलाएंगे।

इसके जरिये वे आम जनता को टीबी बीमारी क्या है, इसके लक्षण, इसका सफल इलाज, बरती जाने वाली सावधानियां और इस बीमारी के गंभीर परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। समाज में इस बीमारी को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए विशेष नो टीबी सेशंस का आयोजन किया जाएगा। इस वेबिनार के माध्यम से पिथौरागढ़ के इन युवा एनसीसी कैडेट्स ने देश को वर्ष 2026-27 तक टीबी मुक्त बनाने के राष्ट्रीय लक्ष्य में अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है।

# प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत चार माह के सिलाई प्रशिक्षण का शुभारंभ



**पर्वत प्रेरणा ब्यूरो**

**पनुवानौला ( अल्मोड़ा )।** उत्तराखंड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड के तत्वावधान में परम सेवा समिति अल्मोड़ा द्वारा ग्राम लधौली, विकासखंड धौलादेवी स्थित परम सेवा समिति के प्रशिक्षण केंद्र में प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अंतर्गत संचालित चार माह के सिलाई मशीन संचालन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा ने विधिवत रूप से किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के व्यावसायिक प्रशिक्षण युवाओं एवं महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठाकर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री गौरव पांडे, मंडल अध्यक्ष हरीश प्रसाद, महामंत्री महेंद्र महरा, ग्राम प्रधान लधौली भगवती देवी, दिनेश पांडे, हरीश बिष्ट, परम सेवा समिति के अध्यक्ष रूप सिंह बिष्ट, भगवान सिंह डोभाल, पूरन सिंह, ज्योति नेगी, दीपक कुमार, मास्टर ट्रेनर अंजलि आर्या एवं सुरेश प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि जिला परियोजना अधिकारी पीतांबर प्रसाद एवं सहायक प्रबंधक शेखर बाराकोटी ने भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को सिलाई मशीन संचालन, सिलाई से संबंधित तकनीकी जानकारी तथा रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी गई। चार माह के इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को सिलाई मशीन संचालन के रूप में दक्ष बनाकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है। कार्यक्रम का संचालन पंकज पांडे द्वारा किया गया।

# पुलिस ने कासनी व पत्थरखानी में नष्ट की भांग



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता।**

**पिथौरागढ़।** ड्रग फ्री देवभूमि मिशन के तहत जनपद पिथौरागढ़ पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस उपाधीक्षक गोविन्द बल्लभ जोशी के नेतृत्व में एसएचओ कोतवाली पिथौरागढ़ ललित मोहन जोशी, प्रभारी निरीक्षक एसओजी/ एएनटीएफ नीरज भाकुनी सहित पुलिस, एसओजी/ एएनटीएफ टीमों, पुलिस लाइन तथा फायर सर्विस के जवानों द्वारा व्यापक अभियान चलाया गया। संयुक्त टीम ने कासनी गांव तथा पत्थरखानी क्षेत्र में लगभग 30- 40 नाली में अवैध रूप से उगाई गई भांग की खेती को नष्ट किया। इसके अतिरिक्त ऐंचोली से पत्थरखानी तक सड़क किनारे उगी भांग की फसल पर भी कार्रवाई करते हुए उन्हें नष्ट किया गया। पुलिस द्वारा स्पष्ट संदेश दिया गया कि जनपद में नशे की खेती, तस्करी एवं कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। नशे के खिलाफ यह अभियान आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा। साथ ही पुलिस ने लोगों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए उनको अवैध भांग की खेती न करने हेतु जागरूक भी किया। पिथौरागढ़ पुलिस ने जनता से अपील की है कि जनपद को नशामुक्त बनाने के लिए अवैध भांग, चरस, स्मैक या अन्य मादक पदार्थों से संबंधित किसी भी सूचना की जानकारी तत्काल 1933 मानस हैल्प लाईन पर दें। आपकी पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

**सम्पादकः सुरेश पाठक**

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजूनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित।

मो. 9927213408, 8279487735

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

# राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित हुए बाराकोट के वन दरोगा प्रकाश गिरी गोस्वामी



**बाराकोट ।** चंपावत जिले के विकासखंड में पश्चिमी छीड़ा के रेंज में कार्यरत वन दरोगा प्रकाश गिरी गोस्वामी को वन अपराधों की रोकथाम के प्रयास व वन्य जीव संघर्ष से आक्रोशित ग्रामीणों के साथ संपर्क स्थापित कर हर स्थिति को अपने विवेक से शांत करने में अपनी सफल भूमिका निभाने व ग्रामीणों को वन्य जीव संघर्ष के प्रभावी निरंतरण के लिए जागरूक अभियान चलाने व क्षेत्र में हो रही गुलदार की दस्तक व रेस्क्यू कर सराहनीय कार्य हेतु वन विभाग चंपावत के वन दरोगा को राज्यपाल द्वारा प्रकृति के पहरी, वनकर्मी सम्मान समारोह में नैनीताल लोक भवन में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उनके कार्यों की सराहना की गई। क्षेत्र वासियों व वनकर्मियों द्वारा उनके कार्यों की सराहना कर उन्हें बधाई दी गई।

80वें स्वतंत्रता दिवस की आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



रूद्र सिंह
ग्राम प्रधान लफड़ा
भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष
चंपावत 9458395939

80वें स्वतंत्रता दिवस की आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



नारायण सिंह फर्त्याल
ग्राम प्रधान बंतोली, चम्पावत

80वें स्वतंत्रता दिवस की आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




अविनाश कुमार उपाध्याय
खंड विकास अधिकारी बाराकोट
जिला-चम्पावत

80वें स्वतंत्रता दिवस की आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



सुनील नाथ
प्रभारी उद्यान सचल दल केंद्र बारकोट, चम्पावत

80वें स्वतंत्रता दिवस की आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



हरगोविंद सिंह मेहता
क्षेत्र पंचायत सदस्य आगर चाक
विकासखंड बारकोट, चम्पावत

80वें स्वतंत्रता दिवस की आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



प्रकाश चंद्र राय
वरिष्ठ भाजपा नेता
पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष लोहाघाट, चम्पावत

80वें स्वतंत्रता दिवस की आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
75



कमलेश जोशी
वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता
व
सामाजिक कार्यकर्ता
खोला सूनार बाराकोट
चम्पावत

80वें स्वतंत्रता दिवस की आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



दीपेंद्र सिंह अधिकारी
भाजपा मंडल महामंत्री
बारकोट, चम्पावत

80वें स्वतंत्रता दिवस की आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



पूरन सिंह फर्त्याल
पूर्व विधायक, लोहाघाट
54-विधानसभा क्षेत्र, लोहाघाट

80वें स्वतंत्रता दिवस की आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
62



श्रीमती सीमा आर्य
ब्लाक प्रमुख
विकासखंड बारकोट, चम्पावत

80वें स्वतंत्रता दिवस की आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



राजेंद्र भट्ट
वन बीट अधिकारी,
रेंज पश्चिमी छीड़ा बाराकोट
चम्पावत

80वें स्वतंत्रता दिवस की आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



प्रकाश गिरी गोस्वामी
वन दरोगा
रेंज पश्चिमी छीड़ा
बाराकोट, चम्पावत

80वें स्वतंत्रता दिवस की आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



नंद किशोर पंत
वन क्षेत्रअधिकारी
रेंज पश्चिमी छीड़ा
बाराकोट, चम्पावत

# अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर कल्जीखाल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

## विद्यार्थियों को दिए कानूनी अधिकार और हेल्पलाइन 15100 के टिप्स

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**कोटद्वार।** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल के तत्वाधान में कारगिल शहीद धर्म सिंह रावत राजकीय इंटर कालेज कल्जीखाल में विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी व उनके अधिकारों से अवगत कराया गया। सिविल जज (सीनियर डिवीजन) एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नाजिश कलीम के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों, बाल



अधिकार, शिक्षा के अधिकार, साइबर अपराध से बचाव, नशे के दुष्प्रभाव, मानव -वन्यजीव संघर्ष तथा महिला एवं बाल संरक्षण कानूनों की विस्तृत जानकारी दी गई।

शिविर में वक्ताओं ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी कानूनी समस्या के समाधान के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और विधिक सेवा केंद्रों के माध्यम से निःशुल्क कानूनी परामर्श व सहायता प्राप्त की जा सकती है। प्रतिभागियों को नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की शंकाओं और प्रश्नों का विधिक पदाधिकारियों द्वारा समाधान भी किया गया। शिविर के उपरांत समलौण सामाजिक एवं पर्यावरण संस्था के सौजन्य से विद्यालय परिसर में पौधरोपण अभियान चलाया गया।

सचिव नाजिश कलीम द्वारा उपस्थित लोगों और विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधारोपण कर उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य किरण बाला, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल विनोद कुमार, रिटेनर अधिवक्ता गजेंद्र सिंह रावत, पीटीए अध्यक्ष व पूर्व कनिष्ठ प्रमुख अर्जुन सिंह पटवाल, जिला परिवीक्षा कार्यालय से निखिल, अधिकार मित्र जगमोहन डांगी व सज्जन सिंह नेगी सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# अस्सी मीटर लम्बे तिरंगे को लेकर निकाली रैली

## देशभक्ति के रंग में रंगा पिथौरागढ़

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**पिथौरागढ़।** 80 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला प्रशासन पिथौरागढ़ के तत्वावधान में नगर में 80 मीटर लम्बे तिरंगे को लेकर भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में स्कूली बच्चों, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सबको बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के अभियान से समाज के हर वर्ग और प्रत्येक नागरिक को देश के प्रति राष्ट्र प्रेम की भावना को मजबूत करने में मदद मिलती है। यह सिर्फ एक अभियान ही नहीं अपितु देश के प्रति सम्मान, प्रेम और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारा तिरंगा मात्र एक ध्वज नहीं है, बल्कि यह हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान, हमारे देश के वीर जवानों की शहादत, साहस और देश की जनता की उम्मीदों का भी प्रतीक है।



सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी तथा नगरवासी भी पूरे उत्साह के साथ रैली का हिस्सा बने। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से देशभक्ति का ज्वार पैदा किया। स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों ने रैली में विशेष

रामलीला मैदान सोरगढ़ से प्रारंभ हुई तिरंगा रैली सिल्थाम, केमू स्टेशन, गुप्ता तिराहा एवं एपटेक तिराहा, चिमस्यानौला होते हुए पुनः रामलीला मैदान सोरगढ़ पहुंचकर सम्पन्न हुई। रैली का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत के साथ दर्जा मंत्री गणेश भंडारी, जिलाधिकारी आशीष भटगांई, पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे, मेयर कल्पना देवलाल, जिला पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद सहित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, आकर्षण पैदा किया और पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। हाथों में लहराते तिरंगों के साथ नगर की सड़कों पर निकली रैली ने पिथौरागढ़ को पूरी तरह तिरंगामय कर दिया। रैली के माध्यम से नागरिकों को राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, राष्ट्रीय एकता एवं देशभक्ति की भावना को और अधिक मजबूत करने का संदेश दिया गया। जिला प्रशासन की ओर से आमजन से हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा स्वतंत्रता दिवस के गौरवपूर्ण अवसर को उत्साह एवं देशभक्ति के साथ मनाने की अपील की गई।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत निकली भव्य तिरंगा यात्रा

## छात्र-छात्राओं व स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**टिहरी ,( सुरेंद्रप्रसादभट्ट)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान एवं मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में संचालित 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत नई टिहरी में भव्य तिरंगा बाइक एवं साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली डाइजर से शुरू होकर हनुमान चौक होते हुए साईं चौक, बौराड़ी तक निकाली गई। रैली में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। देशभक्ति के



नारों से गूंजते वातावरण में प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। तिरंगा बाइक एवं साइकिल रैली को डाइजर से नगर पालिका अध्यक्ष टिहरी मोहन सिंह रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत एवं उपजिलाधिकारी टिहरी कमलेश मेहता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान के साथ ही राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं गौरव का प्रतीक है।

उन्होंने प्रदेशवासियों से 15 अगस्त को अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता दिवस के उत्सव में सहभागी बनने की अपील की। रैली में जिला युवा कल्याण अधिकारी रविंद्र सिंह फोनिया, तहसीलदार धीरज राणा, व्यायाम प्रशिक्षक ममता भट्ट, भाजपा नेता जयेन्द्र पंवार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# मोहान वन क्षेत्र में मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकथाम हेतु वन विभाग का अभियान तेज

**अल्मोड़ा।** एसडीओ वन विभाग काकुल पुंडीर ने बताया कि मोहान वन क्षेत्र के ग्राम सभा डबरा सौराल, ग्राम सभा त ?म एवं काठ की नाव क्षेत्र में मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के लिए उप प्रभागीय वनाधिकारी रानीखेत द्वारा गठित टीमों द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। रेस्क्यू एवं निगरानी के प्रयास टीमों द्वारा क्षेत्र में कैम्प लगाकर वन्यजीव को रेस्क्यू करने का प्रयास किया जा रहा है। गश्त एवं निगरानी के साथ-साथ प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता कार्यक्रम भी किए जा रहे हैं। ग्राम सभा डबरा सौराल व सौराल के रास्तों/पथमार्गों पर झाड़ी कटान कराई जा रही है। ग्राम नगचूला खाल में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। संवेदनशील क्षेत्रों में वन्यजीव के पगमार्ग एवं गतिविधियों की पहचान की जा रही है। सुरक्षा के लिए टीमों द्वारा 06 एनाइडर, 07 फाक्स लाइट, राइफल और गाँधी बन्दूक का प्रयोग किया जा रहा है। बाघ रेस्क्यू हेतु 09 पिंजरे लगाए जा चुके हैं। वन्यजीव की गतिविधि ट्रैक करने के लिए 02 ड्रोन, 02 लाइव कैमरा और 33 कैमरा ट्रैप स्थापित किए गए हैं। गश्ती दल द्वारा पिंजरे, ट्रैप कैमरे व अन्य उपकरणों की नियमित जांच की जा रही है। गांवों में पोस्टर लगाकर, लाउड स्पीकर से और जन जागरूकता गोष्ठियों के माध्यम से लोगों को सतर्क किया जा रहा है। रेस्क्यू के लिए कॉर्बेट की विशेषज्ञ टीम और डॉक्टर टीम का सहयोग लिया जा रहा है। इस अभियान में रामनगर वन प्रभाग, कालागढ़ टाइगर रिजर्व, रानीखेत रेंज, जौरासी रेंज, द्वाराहाट रेंज एवं अल्मोड़ा रेंज की टीमें कैम्प लगाकर सहयोग कर रही हैं।

# स्वतंत्रता दिवस पर पौड़ी गढ़वाल में पूर्ण ड्राई डे

**पौड़ी।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को जनपद पौड़ी गढ़वाल में संचालित सभी मदिरा की दुकानें और आबकारी प्रतिष्ठान पूरी तरह बंद रहेंगे। इस अवधि में जनपद भर में शराब और बीयर की बिक्री, परिवहन तथा उपभोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेशानुसार जनपद में संचालित विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें, उपदुकानें, उप -गोदाम, मदिरा व बीयर गोदाम, सैन्य कैंटीन, बार, बाटलिंग प्लांट, विन्टनरी तथा डिपार्टमेंटल स्टोर सहित सभी आबकारी प्रतिष्ठान 15 अगस्त को अनिवार्य रूप से बंद रखे जाएंगे। जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने समस्त उपजिलाधिकारियों और आबकारी निरीक्षकों को अपने -अपने क्षेत्रों में इस बंदी का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने आदेश में स्पष्ट कहा है कि निर्धारित बंदी अवधि के लिए शराब लाइसेंसधारकों (अनुज्ञापियों) को किसी भी प्रकार का मुआवजा या छूट (प्रतिफल) देय नहीं होगा। प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# काबीना मंत्री के नेतृत्व में थलीसैंण में चला विशेष स्वच्छता अभियान



**कोटद्वार, पर्वत प्रेरणा संवाददाता ।** नगर पंचायत थलीसैंण में स्थानीय विधायक एवं काबीना मंत्री डा. धन सिंह रावत के नेतृत्व में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रमदान कर जनमानस को स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता ? अभियान के दौरान थलीसैंण बस स्टेशन एवं उसके आसपास के परिसर की गहन साफ सफाई की गई। स्वयं स्वच्छता अभियान में हाथ बंटाते हुए काबीना मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने जनमानस से अपील करते हुए कहा कि वह कूड़ा -कचरा केवल निर्धारित स्थानों पर ही फेंकें और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के प्रति सदैव जागरूक रहें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कृष्णा त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी दीपक प्रताप, खंड विकास अधिकारी टीकाराम, बाल विकास परियोजना अधिकारी पूजा रावत, वन क्षेत्राधिकारी महेंद्र रावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद रावत, और नगर पंचायत सभासद दिलीप नेगी सहित कई अधिकारी, कर्मचारी तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# टिहरी गढ़वाल में सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खण्डेलवाल के दिशा निर्देशन में एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमलेश कुमार जी की गरिमामयी उपस्थिति एवं कुशल मार्गदर्शन में टिहरी गढ़वाल में पीएमराहत (प्रधानमंत्री राहत) योजना के सफल संचालन हेतु एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में टिहरी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम प्रकाश जी ने चिकित्सा अधिकारयों /नर्सिंग ऑफिसर को संबोधित



करते हुए कहा कि गोल्डन आवर्स के अंदर पेसेंट की जान बचाना हमारी प्राथमिक कर्तव्य है, पैसे की कमी के कारण कोई उपचार से वंचित न रहे उसका पीएमराहत (कैशलेस उपचार) योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले किसी भी व्यक्ति को (बिना किसी वित्तीय बाधा के) देश के सूचीबद्ध अस्पतालों में एक निश्चित राशि तक का मुफ्त/कैशलेस इलाज प्रदान किया जाता है, ताकि समय पर इलाज न मिलने के कारण होने वाली मृत्यु दर को कम किया जा सके। एसीएमओ ने सभी ब्लाकों से आये चिकित्सा अधिकारी को Irad/edar /टीएमएस /112 /पीएम राहत योजना को लेकर विस्तृत जानकारी दी एवं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की महत्व कांशी योजना प्रधानमंत्री राहत योजना को जिले में सुचारू रूप से चलाने के दिशा निर्देश दिये,इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र का संचालन डिस्ट्रिक्ट रोलआउट मैनेजर रविंद्र सिंह चौहान द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु पीएम-राहत (प्रधानमंत्री राहत) योजना का क्रियान्वयन iRAD एवं e-DAR पोर्टल टीएमएस (ट्रीटमेंट मैंनेजमेंट सिस्टम) पोर्टल की कार्यप्रणाली इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के समस्त चिकित्सा अधिकारियो, नर्सिंग अधिकारियों और डेटा एंट्री ऑपरेटरों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# भिकियासैंण के ग्राम सिनोडा निवासी युवक रुड़की भगवानपुर से लापता

**अल्मोड़ा।** भिकियासैंण तहसील के ग्राम सिनोडा निवासी हेमचंद्र पुत्र तीलाराम पिछले कुछ दिनों से रुड़की भगवानपुर क्षेत्र से लापता है। परिजनों के अनुसार हेमचंद्र भगवानपुर, रुड़की में एक होटल में काम करता था। रोज की तरह वह काम पर गया था, लेकिन उसके बाद से वह घर नहीं लौटा और उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है परिजनों ने भगवानपुर थाना और संबंधित पुलिस चौकी में गुमशुदगी की सूचना दे दी है। साथ ही आसपास के क्षेत्रों, होटलों और बस स्टैंडों में भी तलाश की जा रही है। हेमचंद्र के परिजनों ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को भी उनके बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत रुड़की भगवानपुर थाना या अल्मोड़ा पुलिस कंट्रोल रूम पुलिस द्वारा भी युवक की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और होटल स्टाफ से पूछताछ की जा रही है।



# उत्तराखंड में 17 अगस्त तक भारी बारिश का अलर्ट, देहरादून में कल स्कूल-आंगनबाड़ी बंद

**देहरादून।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने उत्तराखंड में 14 से 17 अगस्त तक भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) ने सभी जिलों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के साथ ही आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने को कहा गया है। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने सभी जिलाधिकारियों को मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आवश्यक सावधानियां बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने, राहत एवं बचाव से संबंधित सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने को कहा है। मौसम विभाग के अनुसार 14 अगस्त को देहरादून, पिथौरागढ़, बागेश्वर और नैनीताल में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। चंपावत, टिहरी, पौड़ी, चमोली, रुद्रप्रयाग, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में भारी बारिश का येलो अलर्ट है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है।

15 अगस्त को प्रदेश के सभी जिलों में येलो अलर्ट रहेगा। इस दौरान कई क्षेत्रों में भारी बारिश होने की संभावना है। 16 अगस्त को चंपावत, बागेश्वर और नैनीताल में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जहां भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान है। 17 अगस्त को देहरादून और टिहरी में ऑरेंज अलर्ट रहेगा, जबकि प्रदेश के शेष जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम की चेतावनी को देखते हुए देहरादून जिले में कल स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहेंगे। प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया है। अधिकारियों को मौसम की स्थिति पर लगातार नजर रखने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# भवाली के मल्ला रामगढ़ में खाई में गिरा सैलानियों से भरा टेंपो ट्रैवलर, 20 घायल



**भवाली।** मल्ला रामगढ़ के लक्ष्मी खान क्षेत्र में आज दोपहर करीब 1:30 बजे सैलानियों से भरा टेंपो ट्रैवलर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में वाहन में सवार करीब 20 सैलानियों के घायल होने की सूचना है। हादसे की सूचना मिलते ही रामगढ़ और भवाली पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। पुलिस और एसडीआरएफ ने स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू किया। रेस्क्यू के बाद घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ भेजा गया। भवाली कोतवाल प्रकाश सिंह मेहरा ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। एसडीआरएफ और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है। घायलों को उपचार के लिए रामगढ़ सीएचसी भेजा जा रहा है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## कार्यालय, जिला पंचायत बागेश्वर

पत्रांक: 364/ विज्ञापन- स्वतंत्रता दिवस/ 2026-27 दिनांक 13-08-2026

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2026 के शुभ अवसर जिला पंचायत, बागेश्वर की ओर से समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनायें। जनपद बागेश्वर के ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत स्थित समस्त व्यवसायियों तथा आम जनमानस से अनुरोध है कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने के दृष्टिगत पॉलीथीन की थैलियों, प्लास्टिक / थर्माकोल से बने प्लेट, गिलास आदि निष्प्रयोज्य सामग्री का उपयोग तथा किसी भी प्रकार का भण्डारण कदापि ना करें तथा पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने में अपना सहयोग दें साथ ही ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत् स्थित विभिन्न प्रकार के व्यवसायियों से अनुरोध है कि जिला पंचायत के देयकों जैसे-लाइसेन्स शुल्क, किराया आदि का यथासमय भुगतान करने का कष्ट करें।

**राजेश कुमार**
**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, बागेश्वर**

**उपाध्यक्ष/समस्त सदस्य**
**जिला पंचायत, बागेश्वर**

**श्रीमती शोभा देवी**
**अध्यक्ष**

## कपकोट में 17 वर्षीय किशोरी ने दिया बच्चे को जन्म, पॉक्सो एक्ट में मुकदमा

**बागेश्वर।** कपकोट तहसील क्षेत्र की 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कपकोट में एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के दौरान अस्पताल प्रशासन को किशोरी के नाबालिग होने की जानकारी हुई, जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने तत्काल कपकोट थाना पुलिस को सूचना दी। बृहस्पतिवार को प्रसव के बाद किशोरी की तबीयत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार दिया। बेहतर उपचार और देखभाल के लिए उसे जिला अस्पताल बागेश्वर रेफर किया गया। फिलहाल प्रसूता और नवजात दोनों चिकित्सकों की निगरानी में स्वस्थ बताए जा रहे हैं। अस्पताल से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने मामले की प्राथमिक जांच की। जांच के बाद बांसे गांव निवासी कवींद्र राम के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। एसपी बागेश्वर जितेंद्र मेहरा ने बताया कि सीएचसी कपकोट से नाबालिग के प्रसव की सूचना प्राप्त हुई थी। मामले की जांच के बाद आरोपी कवींद्र राम निवासी बांसे के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कार्यालय कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, लोहाघाट

पत्रांक: कृ.भू.सं. अ. लो./ भण्डार/ विज्ञापन/435/2026-27 दिनांक 14-08-2026

स्वतन्त्रता दिवस पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएें

कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, लोहाघाट, कृषि विभाग जनपद चम्पावत

" वर्षा जल अनमोल है, मिट्टी स्वर्ग समान।
इनके समुचित प्रबन्ध से, हो मानव कल्याण।। "

कृषि विभाग की योजनाओं से किसानों को मिल रहा बहुआयामी लाभ कृषि विभाग द्वारा किसानों के हित में विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन किया जा रहा है, जिनका उद्देश्य किसानों को सिंचाई, कृषि यंत्रीकरण, गुणवत्तापूर्ण बीज एवं कृषि निवेश की सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि करना है। इसी क्रम में विभाग द्वारा जीओलाईन टैंक का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे किसानों का सिंचाई के लिए जल उपलब्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण सहायता मिल रही है। इन टैंकों के माध्यम से वर्षा जल का बेहतर संरक्षण एवं उपयोग सम्भव हो रहा है. जिससे किसानों को सिंचाई संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में सुविधा मिलती है तथा कृषि कार्यों में जल की उपलब्धता को बेहतर बनाया जा रहा है।

साथ ही जिला योजना एंव अन्य योजना के अन्तर्गत सामूहिक सहभागिता के आधार पर चैनलिंक फेंस का कार्य भी सम्पादित करवाया जा रहा है। इसके तहत विभाग द्वारा चैनलिंक एवं एंगिल उपलब्ध कराये जाते है। तथा किसान अथवा कृषक समूह द्वारा सहभागिता के आधार पर स्थापित किया जा रहा है।

कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभाग द्वारा फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना की जा रही है। इनके माध्यम से किसानों को कृषि कार्यों में उपयोग होने वाली आवश्यक कृषि यंत्र एवं उपकरण उपलब्ध कराये जा रहे है। इससे कृषि कार्यों में लगने वाले समय एवं श्रम में कमी के साथ-2 किसानों की कार्यक्षमता एवं उत्पादकता में भी वृद्धि हो रही है।

वहीं, किसानों को बेहतर कृषि उत्पादन के लिए समय-2 पर प्रमाणित एवं गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराए जाते है विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले बीज प्रतिष्ठित एवं अधिकृत संस्थानों से सत्यापित होते है, जिनमें आवश्यकतानुसार फाउंडेशन सीड भी शामिल है। गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता से फसल की गुणवत्ता एवं उत्पादन क्षमता में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

इसके साथ ही किसानों को विभिन्न अनुदान आधारित योजनाओं के माध्यम से कृषि निवेश एवं आवश्यक सामग्री प्राप्त करने में आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से प्राप्त आर्थिक सहायता किसानों के लिए कृषि संबंधी आवश्यक निवेश एवं इनपुट की खरीद को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

कृषि विभाग द्वारा संचालित इन सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का समन्वित प्रभाव किसानों की उत्पादन क्षमता, उत्पादकता एवं कृषि आय में वृद्धि के रूप में सामने आ रहा है। सिंचाई सुविधा, चैनलिंक फेंसिंग, कृषि यंत्रीकरण गुणवत्तापूर्ण बीज एवं आर्थिक सहायता जैसी सुविधाओं को एक साथ उपलब्ध कराकर विभाग किसानों को अधिक सक्षम, आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किये जा रहे है।

कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी,
लोहाघाट।

मुख्य कृषि अधिकारी,
चम्पावत।




# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर शहीदों एवं विस्थापितों को किया गया नमन

**पर्वत प्रेरणा ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत विभाजन के दौरान अपने प्राणों का बलिदान देने वाले शहीदों और विस्थापन की पीड़ा झेलने वाले परिवारों की स्मृति में शुक्रवार को नैनीताल जिले में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम हल्द्वानी स्थित खालसा इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ। इस दौरान विभाजन की त्रासदी झेल चुके बुजुर्गों ने अपने अनुभव साझा किए और उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम हल्द्वानी के महापौर गजराज सिंह बिष्ट, दर्जा राज्यमंत्री नवीन लाल वर्मा, विभाजन की विभीषिका झेल चुके सरदार बलवंत सिंह और सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने संयुक्त रूप से दीप



प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान विभाजन के दौरान जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और विस्थापित परिवारों के संघर्ष एवं त्याग को नमन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि भारत विभाजन का इतिहास अत्यंत पीड़ादायक रहा है। लाखों लोगों को अपने घर, जमीन-जायदाद और रिश्ते-नाते छोड़कर विस्थापित होना पड़ा। बड़ी संख्या में लोगों ने इस त्रासदी में अपने प्राण गंवाए। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का उद्देश्य उस दौर की पीड़ा, संघर्ष और बलिदान को याद करना तथा नई पीढ़ी को इतिहास से परिचित कराना है, ताकि समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा, सौहार्द और राष्ट्रीय एकता की भावना और मजबूत हो। इस अवसर पर दो मिनट का मौन धारण कर विभाजन के दौरान दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई तथा देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया गया। महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाना इतिहास की उस पीड़ा को याद करने का अवसर है, जिसे भुलाया नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो समाज अपने इतिहास को भूल जाता है, वह उससे सीख नहीं पाता और भविष्य में उन्हीं परिस्थितियों का सामना कर सकता है। उन्होंने बच्चों से शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने कहा कि विभाजन के दौरान लाखों लोगों ने अपना घर, जमीन और रिश्ते छोड़कर नए स्थान पर नए सिरे से जीवन शुरू किया। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त का दिन उन लाखों लोगों के त्याग और कुर्बानी की याद दिलाता है, जिन्होंने विभाजन के दौरान सब कुछ खो दिया। इस अवसर पर बलबीर सिंह, जसपाल सिंह, अवनीश सिंह, हरजीत सिंह, रंजीत सिंह, बलवंत सिंह, हरीश बिष्ट, विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. कल्पना जोशी, एम. कांडपाल, भगवती जोशी, अनुराधा पंत, सीमा सेन, कविता जोशी, चित्रा जीना सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में विभाजन की त्रासदी में जान गंवाने वाले शहीदों और विस्थापितों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।











80वें स्वतंत्रता दिवस की आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



गीता देउपा

ग्राम प्रधान

चौकी, चंपावत



इंदर सिंह देउपा, सामाजिक कार्यकर्ता




80वें स्वतंत्रता दिवस की आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती तुलसी जोशी

ग्राम प्रधान

फुंगर

विकास खण्ड- चम्पावत





त्रिलोक जोशी

80वें स्वतंत्रता दिवस की आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं







सभी जनपद वासियों को मेरी ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक सुभकामनाये....



प्रदीप कुमार

सहा. भूवैज्ञानिक/ प्र. जिला खान अधिकारी, उत्तरकाशी

समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

स्वतंत्रता दिवस हमारे लिए राष्ट्र के वीर स्वतंत्रता सेनानियों के



त्याग, तपस्या और बलिदान को स्मरण करने तथा राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने का पावन अवसर है।

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान एवं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी के मार्गदर्शन में 'हर घर तिरंगा' अभियान को जन-जन का अभियान बनाते हुए तिरंगे के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना को और मजबूत करें। आइए, स्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर पर तिरंगा यात्रा में सहभागी बनकर एकता, अखंडता और राष्ट्र गौरव का संदेश जन-जन तक पहुँचाएँ।

**हमारा तिरंगा सदैव शान से लहराता रहे और हमारा भारत निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहे।**

जय हिंद,

**करम राम, सेवानिवृत्त अनुसचिव, गंगोलीहाट**




80वें स्वतंत्रता दिवस की आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



शैलेश जोशी

जिला पंचायत सदस्य

भंडार बोरा, चंपावत






## कार्यालय मुख्य कृषि अधिकारी, चम्पावत

पत्रांक: 897/ मु.क.अ./ विज्ञापन/2026-27 दिनांक 12-08-2026

जनपद के समस्त कृषक बन्धुओं को स्वतंत्रता दिवस की 80वी. वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाऐं।

जनपद चम्पावत के समस्त सम्मानित कृषक बन्धुओं को सूचित किया जाता है कि **प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM KISAN)** योजना के अन्तर्गत जनपद के पात्र कृषकों को रू0 6000.00 (रू0 छः हजार) प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता रू0 2000.00 (रू0 दो हजार) की तीन किश्तों में प्रत्येक वर्ष **(DBT)** के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान की जा रही है। जिन कृषकों की वर्तमान में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किश्त रूकी हुई है। उसका निम्न कारण हो सकता है ध्यान दें।

1-**E-KYC**- नहीं है।
2. **Aadhar Seeding** नहीं है।
3. **Land Seeding** नहीं है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की सभी किश्तों का नियमित लाभ लेने हेतु उपरोक्त समस्याओं का निवारण निम्नानुसार किया जा सकता है।

1. **E-KYC**- की समस्या- **E-KYC** कराने हेतु नजदीकी जन सेवा केन्द्रों **(CSC)** में बायोमेट्रिक के माध्यम से **E-KYC** करायी जा सकती है।
2. **Aadhar Seeding** की समस्या- **Aadhar Seeding** हेतु कृषक नजदीकी पोस्ट ऑफिस जाकर इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए बैंक खाता खुलवा सकते है अथवा अपने बैंक खाते में **(DBT)** चालू करवा सकते है।
3. **Land Seeding** की समस्या- **Land Seeding** कराने हेतु सम्बन्धित क्षेत्र के राजस्व उपनिरीक्षक (पटवारी) से सत्यापन आख्या सत्यापित कराकर कार्यालय मुख्य कृषि अधिकारी, विकास भवन चम्पावत में जमा कर सकते है।

अधिक जानकारी हेतु मुख्य कृषि अधिकारी जनपद चम्पावत के कार्यालय के दूरभाष 05965-230952 पे सम्पर्क कर सकते है।

**कृषि विभाग द्वारा अन्य योजना संचालित की जा रही है –**

1. **नेशनल फूड सिक्योरिटी एण्ड न्यूट्रीशन मिशन (NFSNM)**- मडुवा, सावा, उर्द, मसूर फसलों की नवीनतम प्रजातियों के क्लस्टर प्रदर्शनी, बीज वितरण एवं फसल चक्र आधारित कृषक प्रशिक्षणों का आयोजन एवं पौध सुरक्षा कार्यक्रम किये जाते है।
2. **नेशनल मिशन ऑन एडीबल ऑयल्स (NMEO)**- लाही/सरसों की नवीनतम प्रजातियों के क्लस्टर प्रदर्शनी, बीज वितरण एवं पौध सुरक्षा कार्यक्रम किये जाते है।
3. **राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (RKVY)**- धान एवं गेहूं क्लस्टर प्रदर्शन, धान एवं गेहूं बीज वितरण एवं पौध सुरक्षा कार्यक्रम, संचालित किये जाते है।
4. **प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY)**- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत सिंचन क्षमता विस्तार हेतु सिमेन्टेड चेक डैम, जियो लाईन टैंक, सिंचाई टैंक एवं सिंचाई गूल का निर्माण कराया गया है साथ ही एचडीपीई पाईप आदि का कृषक/कृषक समूहों को योजनान्तर्गत अनुमन्य अनुदान पर उपलब्ध कराया जाता है। जिससे सिंचाई की समुचित व्यवस्था होने के फलस्वरूप कृषकों द्वारा कृषि योग्य बंजर भूमि को कृषि कार्य हेतु बनाया गया है। जिसके बाद किसानों के द्वारा कृषि में काफी रूची लेते हुए उन्नत किस्म के बीजों की बुआई करने के पश्चात उनकी उत्पादकता मे काफी वृद्धि हो रही है।
5. **सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन (SMAM)**– योजना के अन्तर्गत क्षेत्र की आवश्यकतानुसार एग्रीमशीनरी पोर्टल के माध्यम से पावर वीडर, पावर टिलर, थ्रेशकटर थ्रेसर आदि यन्त्र योजनान्तर्गत अनुमन्य अनुदान की धनराशि लाभार्थी कृषक के खाते में DBT के माध्यम से हस्तान्तरित की जाती है।

कृषि विभाग द्वारा कृषकों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं की जानकारी हेतु कृषक बन्धु कृपया नजदीकी न्यायपंचायत/विकासखण्ड/कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, लोहाघाट कार्यालय/मुख्य कृषि अधिकारी कार्यालय, चम्पावत में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है।

**मुख्य कृषि अधिकारी, चम्पावत**

## उत्तराखंड के 114 राजकीय महाविद्यालयों में बनेंगे जिम, खेल सामग्री भी मिलेगी

**हल्द्वानी।** युवाओं को नशे से दूर रखने और उन्हें खेलों व स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने महत्वपूर्ण पहल की है। प्रदेश के 114 राजकीय महाविद्यालयों में जिम की सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी की जा रही है। इसके साथ ही महाविद्यालयों को आधुनिक एवं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप खेल सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस पूरी योजना पर करीब 28.82 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। दिल्ली की संजीवनी विकास जनकल्याण समिति के सहयोग से महाविद्यालयों को जिम और खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग और संस्था के बीच एमओयू भी हो चुका है।

समिति अपनी सामाजिक सहयोग निधि से आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराएगी। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी संबंधित राजकीय महाविद्यालयों से सामग्री के लिए प्रस्ताव मांग लिए हैं। कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही महाविद्यालयों में जिम और खेल सामग्री स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। विद्यार्थियों को मिलेगी आधुनिक खेल सामग्री योजना के तहत महाविद्यालयों को वेटलिफ्टिंग मेन्स और विमेंस ओलंपिक सेट, प्रोफेशनल हाफ केज विथ बेंच, ओलंपिक वेटलिफ्टिंग प्लेटफॉर्म, ओलंपिक डंबल सेट, प्रोफेशनल डंबल सेट सहित अन्य जिम उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मानकों वाली वालीबाल पोल, नेट और वालीबाल भी दिए जाएंगे। अधिकारियों के अनुसार, इस पहल से विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल और फिटनेस के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इससे उनके शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ खेल प्रतिभाओं को भी निखारने में मदद मिलेगी।

प्रो. एएस उनियाल, संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग ने बताया कि सभी कॉलेजों से प्रस्ताव मांगे जा चुके हैं। जल्द ही आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर जिम और खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, चम्पावत।

फैक्स 05965-230485
दूरभाष(का0) 05965-230485
E-mail - eechp-ujs-uk@nic.in

पत्रांक: 1357/विविध/119 दिनांक 11 अगस्त, 2026

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत उत्तराखण्ड जल संस्थान, चम्पावत की उपलब्धि:-**

1. जल जीवन मिशन अन्तर्गत विभाग द्वारा जुलाई-2026 तक कुल 24843 परिवारों को हर-घर नल से जल उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य है।
2. जल जीवन मिशन अन्तर्गत विभाग द्वारा वर्तमान तक 24843 घरों को नल से जल पहुंचाने का का कार्य किया गया है।
3. जल जीवन मिशन अन्तर्गत विभाग को आवंटित कुल 350 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 221 राजस्व ग्रामों का हर घर नल से जल का प्रमाणिकरण (सर्टिफिकेशन) करवा दिया गया है।
4. शुद्ध जलापूर्ति हेतु विभाग द्वारा जनपद के प्रत्येक ग्राम में पानी समिति का गठन किया गया है, जिसमें शतप्रतिशत महिलाओं की सहभागिता है।
5. जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यो की जानकारी, शुद्ध पेयजल प्रबन्धन एवं ग्रे वाटर प्रबन्धन के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किये जाने हेतु क्रियांवयन सहयोगी संस्थाओं को नियुक्त किया गया है।

**विभाग द्वारा जनहित में अपील:-**

1. "जल ही जीवन है" का संकल्प को लेते हुये सम्मानित पेयजल उपभोक्ताओं से अनुरोध है, कि पेयजल की बर्बादी न करें, पानी को बचायें।
2. जल श्रोतों को दूषित न करें।
3. जल संरक्षण हेतु वृक्ष लगायें, और वृक्षों का संरक्षण करें।
4. सम्मानित पेयजल उपभोक्ताओं से अपील है, कि अनावश्यक अधिभार से बचने के लिये जलमूल्य देयकों का भुगतान समय से करें।

आर.पी. डोबवाल, अधिशासी अभियन्ता

## कार्यालय मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, चम्पावत।

दूरभाष नं0-05965-230843
ई0मेल0-cvo.champawat@rediffmail.com

**ग्राम्य गौसेवक योजना पायलट प्रोजेक्ट:-**

- उत्तराखण्ड राज्य के मुख्य राज्यमार्गो के निकटवर्ती गांव अथवा जहां पर निराश्रित नर गोवंश की संख्या अधिक हो उन गांव में ग्राम्य गौसेवक का चयन किया जाना है।
- ग्राम्य गौसेवको का चयन-अल्पशिक्षित, बेरोजगार, पशुपालन का अनुभव रखता हो,गोवंश एवं जीव दया हेतु समर्पित हो तथा ग्रामों में निवास करते हों एवं जिसके पास नर गोवंशीय पशु को रखने की व्यवस्था हो।
- प्रत्येक ग्राम्य गौसेवक को अधिकतम 05 परित्यक्त नर गोवंशीय पशुओं को 6 माह से अधिक आश्रय देने का प्रविधान।
- चयनित ग्राम्य गौसेवक को 80.00 रू0 प्रतिदिन प्रतिनर गोवंश की दर से देय।

**आई0टी0बी0पी0-** उत्तराखण्ड सरकार की फ्लैगशिप योजना के अन्तर्गत पशुपालको को लाभान्वित करने हेतु विभाग द्वारा आई0टी0बी0को पशुपालको से जीवित मुर्गा एवं जीवित बकरे की पूर्ति करने हेतु समझौता ज्ञापन 30 अक्टूबर, 2024 को हस्ताक्षर किया गया है आई0टी0बी0पी0 की 36 बटालियन लोहाघाट हेतु ₹ 119/कि0ग्रा0 की दर से जीवित मुर्गा एवं रू 300/कि0ग्रा0 की दर से जीवित बकरे की पूर्ति आई0टी0बी0पी0 को की जाती है। इच्छुक पशुपालक पशुपालन विभाग से सम्पर्क कर उपरोक्त योजना के तहत उपरोक्त दरों पर जीवित मुर्गा एवं बकरे की आपूर्ति कर सकते हैं।

**डा. वसुन्धरा गर्ब्याल**
**मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, चम्पावत**

पत्रांक: 1403/लेखा/विज्ञापन/2026-27 दिनांक 11 अगस्त, 2026

## कार्यालय जिला पंचायत, चम्पावत

पत्रांक: 688जि. प./विज्ञापन/2026-27 दिनांक 13 अगस्त, 2026

**शुभ कामना सन्देश**

श्री माँ बाराही देवीधुरा मेला-2026, आसाडी कौतिक पर्व, बग्वाल मेला एवं स्वतन्त्रता दिवस तथा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर हार्दिक शुभ कामनाये प्रेषित की जाती है। जिला पंचायत, चम्पावत द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो मे की जा रही सफाई व्यवस्था एव स्वच्छता कार्यक्रमो को संचालित करने मे अपना यथोचित सहयोग प्रदान करें। साथ ही जनपद-चम्पावत के अन्तार्गत ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त व्यवसायिक एवं ग्रामीण जनता से अपील की जाती है कि व्यवसायिक लाईसेन्स शुल्क एवं अन्य देयको का भुगतान निर्धारित समय मे जिला पंचायत, चम्पावत को करते हुए अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करते हुए जनपद के विकास मे सहभागी बनें।


(इ0अनिल जोशी)
मेला अधिकारी/
अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत,चम्पावत।

(नीतू डांगर)
मेला मजिस्ट्रेट,/
उपजिलाधिकारी,
पाटी।

(रेखा यादव)
पुलिस अधीक्षक,
चम्पावत।

(मनीष कुमार)
जिलाधिकारी,
चम्पावत।

(पुष्पा विश्वकर्मा)
उपाध्यक्ष,
जिला पंचायत, चम्पावत।



(आनन्द सिंह अधिकारी)
अध्यक्ष,
जिला पंचायत,चम्पावत।

एवं
समस्त मा0 सदस्य एवं अधिकारी/कर्मचारी, जिला पंचायत, चम्पावत

**अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, चम्पावत**

## कार्यालय जिला पंचायत, नैनीताल

जनपद नैनीताल के समस्त नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस शुभकामनाओं की हार्दिक शुभकामनाएं।

जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के सतत विकास प्रयासरत जिला पंचायत, नैनीताल को सहयोग प्रदान करने हेतु सी0पी0 टैक्स एवं लाईसेन्स शुल्क तथा कूड़ा निस्तारण चार्ज का समय पर भुगतान करने एवं राज्य सरकार द्वारा जारी गाईड लाईन का अनुपालन किये जाने के साथ-साथ मा0 उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड नैनीताल के आदेशों के क्रम में पॉलीथीन का प्रयोग न करने एवं कूड़े को नियत स्थान (जिला पंचायत के कूड़ा वाहन) पर डाले जाने के साथ ही यातायात के नियमों का पालन करने की अपेक्षा की जाती है।

इं. अनिल जोशी
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, नैनीताल

देवकी बिष्ट
उपाध्यक्ष/ समस्त मा. सदस्य
जिला पंचायत, नैनीताल

दीपा दरम्वाल
अध्यक्ष
जिला पंचायत, नैनीताल

80वें स्वतंत्रता दिवस की आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



राधा सुयाल
क्षेत्र पंचायत सदस्य
बजूनिया हल्दू, पनियाली, कठघरिया हल्द्वानी




BHARAT
CONSTRUCTIONS
(INDIA) PRIVATE LIMITED

भारत कन्स्ट्रक्शन (ई.) प्रा. लि. देहरादून
स्टोन फील्ड कन्स्ट्रक्शन देहरादून
एस.एस. कन्स्ट्रक्शन देहरादून

# स्वतंत्रता दिवस की पावन बेला से पूर्व अल्मोड़ा में चलाया गया वृहद स्वच्छता अभियान


## हमारा अल्मोड़ा, हमारी जिम्मेदारी, स्वच्छ अल्मोड़ा, स्वस्थ अल्मोड़ा, विकसित अल्मोड़ा के संदेश के साथ स्वच्छता अभियान का आयोजन



**अल्मोड़ा।** स्वतंत्रता दिवस की पावन बेला से पूर्व शुक्रवार को अल्मोड़ा के समस्त 40 वार्डों में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी अंशुल सिंह के निर्देशों के क्रम में आयोजित अभियान में जिला स्तरीय अधिकारियों, नगर निगम पार्षदों, अन्य जनप्रतिनिधियों एवं पर्यावरण मित्रों की संयुक्त टीमों ने विभिन्न वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया।

अभियान के तहत सड़कों, गलियों, नालियों, बाजारों, पार्कों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों की विशेष साफ-सफाई की गई। साथ ही लोगों को कूड़ा निस्तारण, गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण तथा प्लास्टिक मुक्त स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। जिलाधिकारी अंशुल सिंह, मेयर अजय वर्मा एवं विधायक मनोज तिवारी ने स्थानीय हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम के परिसर में स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन या अभियान तक सीमित रहने वाला कार्य नहीं है, बल्कि यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वतंत्रता दिवस से पूर्व चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य अल्मोड़ा को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के साथ ही नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने में योगदान दे तो अल्मोड़ा को स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर बनाया जा सकता है। अभियान के दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने स्थानीय नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने, कूड़े का उचित निस्तारण करने तथा सार्वजनिक स्थलों को गंदा न करने की अपील की। इस दौरान नगर आयुक्त सीमा विश्वकर्मा , जिला क्रीड़ा अधिकारी महेशी आर्या, खेल प्रेमी , स्थानीय जनप्रतिनिधि , रवि रौतेला , विनीत बिष्ट, हरीश कनवाल सहित अन्य मौजूद रहे ।

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ**




आजादी के इस पावन पर्व पर उन सभी वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को कोटि-कोटि नमन, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आइए, हम सभी मिलकर राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकास के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लें।

**जय हिंद!**
**वंदे मातरम!**

सुरेन्द्र कुमार
(एडवोकेट)
प्रत्याक्षी 45 विधानसभा
गंगोलीहाट भाजपा

80वें स्वतंत्रता दिवस की आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



खजान चन्द्र गुड्डू
पूर्व दर्जा राज्य मंत्री
एवं
पूर्व विधायक प्रत्याशी
कांग्रेस नेता
गंगोलीहाट, पिथौरागढ़



# भूकंप से पहले बदल सकता है रैडान गैस का प्रवाह

## वाडिया संस्थान के अध्ययन में मिले अहम संकेत

**देहरादून।** भूकंप का सटीक पूर्वानुमान लगाना अभी भी विज्ञान के लिए बड़ी चुनौती है। दुनिया भर के विज्ञानी इस दिशा में लगातार अध्ययन कर रहे हैं, लेकिन फिलहाल यह बताना संभव नहीं है कि किसी स्थान पर भूकंप कब और कितनी तीव्रता से आएगा। इसी बीच वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान के एक ताजा अध्ययन में ऐसे महत्वपूर्ण संकेत मिले हैं, जो भविष्य में भूकंप की पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित करने में उपयोगी साबित हो सकते हैं। संस्थान के अध्ययन के अनुसार भूकंप से पहले भूगर्भ से निकलने वाली रैडान गैस के प्रवाह में असामान्य बदलाव दर्ज हो सकता है। यह अध्ययन विज्ञानी डा. वंदना, डा. प्रयदर्शी, डा. नरेश कुमार और डा. संजय कुमार ने किया है। शोध मार्च 2026 में रेडियोएनालिटिकल एंड न्यूक्लियर केमिस्ट्री जर्नल में प्रकाशित हुआ। विज्ञानियों ने गढ़वाल क्षेत्र में वर्ष 2009 से 2018 के बीच आए 3.0 या उससे अधिक तीव्रता के भूकंपों के आंकड़ों का अध्ययन किया। इसके लिए जमीन में करीब 10 मीटर की गहराई पर रैडान गैस के प्रवाह की लगातार निगरानी की गई। आंकड़े हर 15 मिनट में दर्ज किए गए। इस तरह प्रतिदिन 96 रिकॉर्ड और पूरे अध्ययन काल में लाखों रिकॉर्ड तैयार हुए। टिहरी के घुत्तू स्थित संस्थान की भूकंप वेधशाला में रैडान के साथ हवा का तापमान, वायुमंडलीय दबाव, वर्षा, भूमिगत तापमान, भूजल स्तर और भूकंपीय कंपन जैसे विभिन्न संकेतकों को भी दर्ज किया गया। इसका उद्देश्य यह समझना था कि रैडान में होने वाले बदलाव मौसम, भूजल अथवा अन्य प्राकृतिक परिस्थितियों के कारण हैं या धरती के भीतर चल रही भूकंपीय प्रक्रिया से उनका संबंध है। अध्ययन में 7 अप्रैल 2013 को आए 3.8 तीव्रता के भूकंप से पहले रैडान गैस में आठ असामान्य बढ़ोतरी दर्ज की गईं। 4 अप्रैल को तीन, 5 अप्रैल को तीन और 6 अप्रैल को दो बार रैडान का प्रवाह सामान्य सीमा से ऊपर गया। विज्ञानियों के अनुसार यह असामान्य बढ़ोतरी बढ़ते भूगर्भीय तनाव के कारण चट्टानों में सूक्ष्म दरारें बनने और उन दरारों के माध्यम से रैडान के अधिक मात्रा में बाहर निकलने से संबंधित हो सकती है। 27 जून 2013 को आए 3.5 तीव्रता के भूकंप से पहले रैडान में सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह की असामान्यताएं दर्ज की गईं। कुछ समय गैस का स्तर सामान्य से ऊपर रहा, जबकि कुछ अवधि में इसमें असामान्य कमी भी देखी गई।

शोधकर्ताओं के अनुसार रैडान में कमी सूक्ष्म दरारों के अस्थायी रूप से बंद होने, गैस के प्रवाह के रास्ते में रुकावट आने या चट्टानों के भीतर द्रव की स्थिति में बदलाव के कारण हो सकती है। 6 अक्टूबर 2015 को आए 3.8 तीव्रता के भूकंप से करीब पांच दिन पहले, 1 अक्टूबर को रैडान का स्तर असामान्य रूप से बढ़ा। इसी तरह 6 दिसंबर 2015 को आए 3.4 तीव्रता के भूकंप से एक दिन पहले भी रैडान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस भूकंप की दूरी करीब 267 किलोमीटर थी। शोधकर्ताओं ने इसे क्षेत्रीय भूगर्भीय तनाव में संभावित बदलाव से जोड़ा ाउ वहीं, 17 जून 2018 को आए 3.8 तीव्रता के भूकंप से तीन दिन पहले, 14 जून को रैडान के स्तर में असामान्य कमी दर्ज की गई। इससे संकेत मिलता है कि भूकंपीय गतिविधि से पहले रैडान का व्यवहार केवल बढ़ोतरी तक सीमित नहीं है, बल्कि कुछ परिस्थितियों में इसमें कमी भी आ सकती है। रैडान एक प्राकृतिक रेडियोधर्मी गैस है, जो चट्टानों और मिट्टी में मौजूद यूरेनियम के प्राकृतिक क्षय से बनती है। यह जमीन और चट्टानों में मौजूद सूक्ष्म दरारों के रास्ते सतह की ओर निकलती है। वैज्ञानिक परिकल्पना के अनुसार जब धरती के भीतर भूगर्भीय तनाव बढ़ता है तो चट्टानों में नई सूक्ष्म दरारें बन सकती हैं या पुरानी दरारें खुल सकती हैं।

इससे रैडान के प्रवाह में बदलाव संभव है। इसके विपरीत दरारों के बंद होने अथवा उनमें पानी भरने जैसी परिस्थितियों में रैडान का प्रवाह कम भी हो सकता है। वाडिया संस्थान का यह अध्ययन भूकंप की सटीक भविष्यवाणी का दावा नहीं करता। हालांकि, रैडान के असामान्य व्यवहार और भूकंपीय गतिविधियों के बीच संभावित संबंध के संकेत भविष्य के अनुसंधान के लिए महत्वपूर्ण हैं। यदि लंबे समय तक अलग-अलग क्षेत्रों में रैडान समेत अन्य भूगर्भीय संकेतकों की निगरानी और उनका वैज्ञानिक विश्लेषण किया जाए, तो भविष्य में भूकंप की पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित करने की दिशा में नई संभावनाएं खुल सकती हैं।

# तिरंगे के रंग में रंगा उत्तरकाशी, पुरोला से जिला मुख्यालय तक गूंजा देशभक्ति का जयघोष

## डीएम प्रशांत आर्य ने पुरोला में तिरंगा रैली की अगुवाई कर विद्यार्थियों का बढ़ाया उत्साह

**पर्वत प्रेरणा ब्यूरो**

**उत्तरकाशी।** 'हर घर तिरंगा' अभियान-2026 के तहत जिले में देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। जिला मुख्यालय से लेकर पुरोला और यमुना घाटी के विभिन्न क्षेत्रों में तिरंगा रैलियों एवं प्रभात फेरियों का आयोजन किया गया। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे स्कूली बच्चों, एनसीसी कैडेट्स, जवानों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने देशभक्ति के नारों के साथ राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। पुरोला में तिरंगा रैली नगर पालिका परिसर से शुरू होकर कुमोला रोड होते हुए तहसील मुख्यालय तक पहुंची। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, शिवालिक इंटर कॉलेज और पीएम श्री इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। रैली के दौरान पूरा नगर 'भारत माता की जय' और देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने रैली की अगुवाई करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।



उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल तीन रंगों का ध्वज नहीं, बल्कि देश के गौरव, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और राष्ट्र के स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने और देश के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं कर्तव्यभाव के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। रैली में नगर पालिका अध्यक्ष बिहारी लाल शाह, ब्लॉक प्रमुख निशिता शाह, मंडल अध्यक्ष रामचंद्र पंवार, ओमप्रकाश नौडियाल, बलदेव रावत, राकेश रतूड़ी, तहसीलदार कमल राठौर, ईओ नगरपालिका प्रदीप दयाल, नगर पालिका सभासद, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। जिला मुख्यालय में भी निकली भव्य तिरंगा रैली जिला मुख्यालय में रामलीला मैदान से कलेक्ट्रेट कार्यालय होते हुए विश्वनाथ चौक तक भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। इसमें स्कूली छात्र-छात्राओं, पीआरडी जवानों, खेल विभाग के परीक्षार्थियों, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना के जवानों, एनसीसी कैडेट्स, अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

रैली में शामिल प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ राष्ट्रीय एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। युवाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के साथ देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाए रखने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। जनपद के विभिन्न विकासखंडों, कस्बों, विद्यालयों और अन्य संस्थानों में भी तिरंगा रैलियों का आयोजन किया गया। इस दौरान गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान, दर्जाधारी राज्यमंत्री प्रताप सिंह पंवार, नगरपालिका अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, अपर जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र, मुख्य शिक्षा अधिकारी अमित कोटियाल, युवा कल्याण अधिकारी विजय प्रताप भंडारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल की अव्यवस्थाओं को लेकर उक्रांद का प्रदर्शन

## चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग

## बाल रोग, त्वचा रोग विशेषज्ञ और सर्जन के पद रिक्त होने पर जताई नाराजगी, महंगी दवाइयां लिखे जाने का भी लगाया आरोप

**पर्वत प्रेरणा ब्यूरो**

**उत्तरकाशी।** जिला अस्पताल में चिकित्सकों के रिक्त पदों समेत विभिन्न अनियमितताओं को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) ने आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। केंद्रीय महामंत्री किरण रावत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार और रिक्त पदों पर तत्काल चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग उठाई। उक्रांद केंद्रीय महामंत्री किरण रावत ने आरोप लगाया कि लंबे समय से जिला अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ, त्वचा रोग



विशेषज्ञ और सर्जन के पद रिक्त हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव में मरीजों को उपचार के लिए परेशान होना पड़ रहा है। कई मरीजों को इलाज के लिए ऋषिकेश और देहरादून रेफर किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल में उपलब्ध होने वाली दवाइयों के बजाय मरीजों को बाहर से महंगी दवाइयां लिखी जा रही हैं। रावत ने कहा कि दूरस्थ गांवों से इलाज के लिए उत्तरकाशी जिला अस्पताल पहुंचने वाले अधिकांश लोग आर्थिक रूप से कमजोर हैं। ऐसे में उन्हें बार-बार अस्पताल के चक्कर लगाने या महंगे उपचार के लिए दूसरे शहरों में जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी जैसे सीमांत जनपद में जिला अस्पताल ही लोगों के लिए प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है। इसके बावजूद सामान्य उपचार के लिए भी मरीजों को ऋषिकेश और देहरादून रेफर किया जाना चिंता का विषय है। उन्होंने अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती, पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता और जांच सुविधाओं को मजबूत करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उक्रांद कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि जिला अस्पताल में रिक्त चिकित्सकीय पदों पर नियुक्ति के लिए तत्काल कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अधिकतम आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही लैब टेस्टिंग की आवश्यक सुविधाएं जिला अस्पताल में ही उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

# वैंटिलेटर पर पहुंचे प्रद्युमन जिला अस्पताल से स्वस्थ होकर डिस्चार्ज

**उत्तरकाशी ( पर्वत प्रेरणा ब्यूरो )** । गंगोत्री धाम की यात्रा पर कांवड़ लेने आए सहारनपुर निवासी प्रद्युमन के लिए अचानक शुरू हुआ स्वास्थ्य संकट उस समय गंभीर हो गया, जब खड़ी बाइक के दौरान उन्हें अचानक दौरे पड़ने लगे और वे बेहोशी की अवस्था में पहुंच गए। परिजनों एवं साथ मौजूद लोगों द्वारा आनन-फानन में उन्हें जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने तत्काल उपचार शुरू किया। जिला



चिकित्सालय पहुंचने पर मरीज की हालत बेहद गंभीर बताई गई। उन्हें दौरे पड़ रहे थे, चेतना का स्तर कम था और सांस लेने में भी गंभीर परेशानी थी। प्रारंभिक चिकित्सकीय मूल्यांकन के बाद मरीज को तत्काल आईसीयू में शिफ्ट किया गया, जहां फिजिशियन डॉ. नवीन शर्मा के नेतृत्व में उपचार शुरू किया गया। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया, ताकि उनकी सांस और ऑक्सीजन स्तर को नियंत्रित रखा जा सके। चिकित्सकीय अभिलेखों के अनुसार मरीज में स्टेटस एपिलेप्टिकस/दौरे, टॉक्सिक एन्सेफैलोपैथी तथा एस्पिरेशन निमोनिया जैसी गंभीर स्थितियों का उपचार किया गया। मरीज की लगातार निगरानी के साथ आवश्यक जांचें, दवाएं, ऑक्सीजन एवं वेंटिलेटरी सपोर्ट उपलब्ध कराया गया। आईसीयू टीम द्वारा मरीज के रक्तचाप, हृदय गति, ऑक्सीजन स्तर, ब्लड शुगर सहित अन्य महत्वपूर्ण पैरामीटरों की लगातार मॉनिटरिंग की गई। लगातार करीब 30 घंटे तक वेंटिलेटर एवं आईसीयू सपोर्ट पर उपचार मिलने के बाद मरीज की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार आने लगा। चिकित्सकों एवं आईसीयू टीम की निगरानी में मरीज को सफलतापूर्वक वेंटिलेटर से हटाया गया। इसके बाद भी उसकी स्थिति पर लगातार नजर रखी गई और स्वास्थ्य में संतोषजनक सुधार होने के पश्चात उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। मरीज के स्वस्थ होकर घर लौटने पर उसके परिजनों ने जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी के चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों एवं समस्त स्वास्थ्यकर्मियों का आभार व्यक्त किया। परिजनों ने कहा कि गंभीर हालत में समय पर उपचार और आईसीयू में मिली बेहतर चिकित्सा सुविधा के कारण मरीज को नया जीवन मिला। जिला चिकित्सालय के प्रमुख अधीक्षक डॉ. बी.एस. रावत ने मरीज के सफल उपचार पर डॉ. नवीन शर्मा सहित आईसीयू में तैनात समस्त चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों एवं अन्य स्टाफ को बधाई दी।

# दुष्कर्म व गर्भपात के आरोपी युवक को कोर्ट ने किया बरी


**चंपावत।** जबरन संबंध बनाने, दुष्कर्म व गर्भपात कराने समेत विभिन्न गंभीर आरोपों से जुड़े एक मामले में चम्पावत के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने आरोपी पंकज फर्त्याल को बरी कर दिया है। अदालत ने मामले में आरोपित धाराओं के तहत आरोपी को दोषमुक्त घोषित किया है। अभियोजन के अनुसार, लोहाघाट थाने में छह अप्रैल 2025 को दर्ज शिकायत में महिला ने आरोप लगाया था कि पंकज फर्त्याल ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार संबंध बनाए। आरोपी ने अलग-अलग स्थानों पर उसके साथ जबरदस्ती संबंध बनाए और उसे गर्भपात कराने के लिए मजबूर किया। अभियोजन के अनुसार, महिला ने आरोपी पर कई बार गर्भपात कराने का भी आरोप लगाया था। मामले में लोहाघाट पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64(1), 88 और 115(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी पंकज फर्त्याल को आठ अप्रैल 2025 को गिरफ्तार किया गया था और 17 अप्रैल 2025 को जमानत पर रिहा किया गया। मामला न्यायालय में पहुंचने के बाद अभियोजन की ओर से साक्ष्य और दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। अदालत ने मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद 10 अगस्त 2026 को अपना निर्णय सुनाया। निर्णय में अदालत ने आरोपी पंकज फर्त्याल को सभी आरोपों से बरी कर दिया। पंकज की और से वरिष्ठ अधिवक्ता राम सिंह बिष्ट ने दमदार पैरवी की तथा अपने मुवक्किल को कोर्ट से बरी करवाया।

# भतरौंजखान बाजार में घर-घर तिरंगाअभियान के तहत निकाली रैली

**भिकियासैण ( अल्मोड़ा )।** राजकीय महाविद्यालय भतरौंजखान में घर-घर तिरंगा' अभियान के आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य ने किया ाइस दौरान झंडा गीत व सामूहिक गायन की शानदार प्रस्तुति हुयी । तत्पश्चात एनएसएस कैडेटों, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने हाथों में तिरंगा लेकर महाविद्यालय परिसर से भतरौंजखान बाजार तक तिरंगा रैली निकाली। तथा देशभक्ति के नारों के साथ आमजन को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में शांति कुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि भीम सिंह अधिकारी ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए जीवन में अच्छी आदतों को अपनाने के महत्व पर चर्चा की ातथा हरीश विष्ट एवं एनडी महारा शांति कुंज प्रतिनिधि ने भी विद्यार्थियों को अनुशासन, सकारात्मक सोच, सदाचार, समय के सदुपयोग तथा स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अच्छी आदतें व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ अलका कोली, डॉ रूपा यादव, डॉ रविंद्र कुमार श सुनीता भट्ट, श्रीमती प्रीति जोशी, ललित मोहनआदि मौजूद रहे।

# एसआईआर में फार्म-10 पर दर्ज आपत्तियों को लेकर सपा ने उठाए सवाल, डीएम से जांच की मांग

**हल्द्वानी।** मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के दौरान फार्म संख्या 10 के माध्यम से दर्ज की जा रही आपत्तियों को लेकर समाजवादी पार्टी ने सवाल उठाए हैं। पार्टी के उत्तराखंड प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, नैनीताल को पत्र भेजकर मामले की जांच कराने और मतदाताओं का भ्रम दूर करने की मांग की है। सपा नेता ने पत्र में कहा कि स्ढ्रकके तहत निर्वाचन टीमों द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूचियों का सत्यापन किया जा रहा है। इसी दौरान भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध फार्म संख्या 10 के माध्यम से कुछ मतदाताओं के नामों पर



आपत्तियां दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। उन्होंने दावा किया कि कई ऐसे मतदाता हैं, जिनका कहना है कि उन्होंने स्वयं अथवा उनके परिवार के किसी सदस्य ने संबंधित आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। इससे मतदाताओं में भ्रम और असमंजस की स्थिति पैदा हो रही है। सिद्दीकी ने आशंका जताई कि इसके पीछे तकनीकी त्रुटि, गलत प्रविष्टि, पहचान संबंधी विसंगति या किसी अन्य कारण की संभावना हो सकती है। उन्होंने जिलाधिकारी से ऐसे मामलों की गंभीरता से जांच कराने की मांग की है। सपा नेता ने यह भी कहा कि जिन आपत्तियों की पुष्टि संबंधित मतदाता द्वारा नहीं की जाती है, उनके संबंध में निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही मतदाताओं को उनकी सूची में दर्ज आपत्ति और उसके आधार की जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे समय रहते अपना पक्ष रख सकें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए तथा किसी भी मतदाता का नाम गलत या अपुष्ट आपत्ति के आधार पर प्रभावित नहीं होना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से आम जनता को स्ढ्रकऔर फार्म संख्या 10 की प्रक्रिया के संबंध में स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराने की भी मांग की है।

# केवी की छात्रा प्रेरणा जोशी स्वतंत्रता दिवस समारोह नई दिल्ली के लिए आमंत्रित



**अल्मोड़ा।** केंद्रीय विद्यालय अल्मोड़ा की कक्षा 10 की छात्रा प्रेरणा जोशी को 15 अगस्त को लाल किले में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह के कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। प्रेरणा ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में माई गवर्नमेंट प्लेटफॉर्म की ओर से रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था और इस वर्ग में देश भर से आई 9300 से अधिक प्रविष्टियों में 8 वां स्थान प्राप्त किया, उन्हें स्वतंत्रता दिवस समारोह में आमंत्रण के अलावा एक प्रमाण पत्र और 5 हजार रुपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उन्हें कार्यक्रम में एक सहयोगी के साथ कुल दो ई-आमंत्रण जारी हुए हैं कंपेनियन के रूप में उनके पिता प्रमोद जोशी उनके साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रेरणा जोशी को स्वतंत्रता दिवस समारोह के कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने पर विद्यालय की प्रधानाचार्य मीना राणा, कला शिक्षिका रूमाना नाज, कक्षाध्यापिका मीना बिष्ट सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# उत्तराखंड ग्रामीण बैंक ने अल्मोड़ा के युवा आविष्कारक रवि टम्टा को किया सम्मानित



**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड ग्रामीण बैंक द्वारा रवि टम्टा, पुत्र हरीश राम से शिष्टाचार भेंट की गई। रवि टम्टा द्वारा निर्मित HAPIDA SKYNeX नामक फ्लाइंग कार सोशल मीडिया पर काफी चर्चित रही है। उनकी इस अभिनव एवं सराहनीय उपलब्धि के लिए बैंक की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके पिता हरीश राम एवं माता को भी सम्मानित किया गया

इस अवसर पर रवि टम्टा ने अपने आविष्कार HAPIDA SKYNeX के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसका उपयोग दूरस्थ एवं पहाड़ी क्षेत्रों में एम्बुलेंस के रूप में तथा संचार एवं आपातकालीन सुविधाओं को सुलभ बनाने में किया जा सकता है। उनका मानना है कि यह तकनीक पहाड़ के दुर्गम क्षेत्रों में लोगों के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकती है। बैंक की ओर से उन्हें भविष्य में किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता की आवश्यकता होने पर हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। इसी क्रम में उत्तराखंड ग्रामीण बैंक शैल एन टी डी शाखा के शाखा प्रबंधक तेज किशन द्वारा आज उनका बचत खाता भी खोला गया।उत्तराखंड ग्रामीण बैंक ने कहा कि ऐसे नवाचारी युवाओं को प्रोत्साहित करना बैंक की प्राथमिकता है, जिससे राज्य में तकनीक और उद्यमिता को बढ़ावा मिले।

# 22 किलो कथित गौमांस के साथ दो गिरफ्तार



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** पुलिस और गौवंश संरक्षण स्क्वॉड की संयुक्त टीम ने 13 अगस्त को बीथा-नकटपुर मार्ग पर डेयरी के पास घेराबंदी कर तीन मोटरसाइकिलों से कथित गौमांस ले जा रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी खेतों के रास्ते फरार हो गया। पुलिस ने तीनों मोटरसाइकिलों से कुल 22 किलो कथित गौमांस बरामद करने का दावा किया है।

पुलिस के अनुसार, टीम ने मार्ग पर तीन मोटरसाइकिलों पर सवार संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान दो आरोपियों को पकड़ लिया गया, जबकि एक आरोपी मौके से भाग निकला। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शकील अहमद (45 वर्षीय) निवासी महोलिया बहेड़ी बरेली और एजाज अहमद उर्फ गुड्डू (42 वर्षीय) निवासी सिसैया सितारगंज के रूप में हुई है। फरार आरोपी की पहचान मो. हनीफ निवासी नकटपुरा के रूप में बताई गई है। पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है।

पुलिस ने बरामदगी में काली बजाज प्लेटिना (यूके 06 एवी 3336) से 13 किलो, लाल सुपर स्प्लेंडर (यूके 06 एजे 5478) से 5 किलो और लाल स्प्लेंडर प्लस (यूके 06 बीएल 3049) से 4 किलो कथित गौमांस बरामद होने की बात कही है। मामले में उत्तराखंड गौवंश संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई में गौवंश संरक्षण स्क्वॉड प्रभारी उपनिरीक्षक पंकज बेलवाल, सरकड़ा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक दीपक तिवारी समेत पुलिस टीम शामिल रही।

# 17.15 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार




**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** ऑपरेशन प्रहार के तहत कोतवाली सितारगंज पुलिस ने ग्राम नकुलिया क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए स्मैक तस्करी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से 17.15 ग्राम स्मैक, 8,200 रुपये की नकदी, पल्सर बाइक और तीन मोबाइल फोन समेत अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, लेबर सत्यापन और गश्त के दौरान सड़क किनारे पल्सर बाइक पर बैठे कुलदीप सिंह (32 वर्ष) पुत्र कश्मीर सिंह निवासी ग्राम नकुलिया के आसपास कुछ युवक दिखाई दिए। पुलिस को देखकर अन्य युवक मौके से फरार हो गए, जबकि कुलदीप बाइक मोड़कर घर की ओर भागने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे आंगन के बाहर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान पुलिस को 17.15 ग्राम स्मैक, 8,200 रुपये नकद, पल्सर मोटरसाइकिल संख्या यूके06 बीएम 5190 और वीवो, सैमसंग गैलेक्सी व आईफोन 13 समेत तीन मोबाइल फोन मिले। इसके अलावा 50 कागज के टुकड़े, छह फ्यूल पेपर और 15 पारदर्शी पन्नियां भी बरामद की गईं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक जावेद मलिक, उपनिरीक्षक कैलाश देव समेत पुलिस टीम शामिल रही।

# कैलाश मानसरोवर यात्रियों की सेवा कर लौटे केएमवीएन कर्मचारियों का चौकोड़ी में स्वागत



**चौकोड़ी( पिथौरागढ )।** पवित्र श्री कैलाश मानसरोवर यात्रा के सातवें दल के साथ यात्रियों को भोजन सुविधा उपलब्ध कराने चीन गए कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) के कर्मचारी भीम सिंह अधिकारी और दिनेश चंद्र आर्य के चौकोड़ी लौटने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पर्यटक आवास गृह चौकोड़ी के प्रबंधक दीपक पंत समेत दीप पपने, रविंद्र अधिकारी, लाल सिंह, कपूर सिंह, प्रकाश, किशन राम, भगवान राम, हेमंत और विमला देवी ने कुमाऊंनी रीति-रिवाज के अनुसार तिलक लगाकर और फूलमाला पहनाकर दोनों कर्मचारियों का स्वागत किया। स्वागत समारोह के दौरान कैलाश मानसरोवर यात्रा से लौटे निगम कर्मचारियों ने मानसरोवर झील से लाया गया पवित्र जल आवास गृह के कर्मचारियों को वितरित किया। इस दौरान कर्मचारियों ने यात्रा के अनुभव भी साझा किए। वहीं, कैलाश मानसरोवर यात्रा के सातवें दल के यात्रियों ने उनके साथ गए केएमवीएन के कुक एवं सहायक स्टाफ की भोजन व्यवस्था और व्यवहार की जमकर सराहना की।

यात्रियों ने कहा कि कठिन यात्रा के दौरान निगम कर्मचारियों ने बेहतर भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ ही सेवा और सहयोग की भावना से उनका मनोबल बढ़ाया।

# कैलाश मानसरोवर यात्रियों को दिलाई शपथ



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता।**

**पिथौरागढ़।** पर्यटक आवास गृह डीडीहाट में पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा के सातवें दल का स्वागत करते हुए कुमाऊं मंडल विकास निगम के पूर्व प्रबंधक राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरु रानी ने यात्रियों को हिमालय बचाओ अभियान से जोड़ते हुए शपथ दिलाई। साथ ही उनके द्वारा चलाए गए पौधारोपण अभियान के 758 वें दिन यात्रियों को पर्यटक आवास गृह चौकोड़ी व होली डे होम अल्मोड़ा में पौधारोपण हेतु पौधे दिए। यात्रियों के साथ- साथ दिनेश गुरुरानी ने कुमाऊं मंडल विकास निगम के पहली बार कैलाश यात्रा में गए रसोइयों का भी वापसी पर माला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें भी पौधारोपण अभियान से जोड़ा। यात्रियों ने दिनेश गुरुरानी द्वारा चलाई गई पौधारोपण अभियान की मुहिम का स्वागत करते हुए कहा कि उनके द्वारा जो उन्हें पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में पौधे दिए गए थे, उनका उन्होंने गुंजी व कालापानी में रोपण किया। साथ ही हिमालय को कूड़ा मुक्त करने के लिए कूड़े का भी निस्तारण किया गया। यात्रियों ने कहा कि अब वह यात्रा पूरी होने के बाद अपने घर के परिसर में भी पौधा रोपण करेंगे और अन्य को भी प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में दल के कोर्डिनेटर भगवान सिंह रावत, भीम सिंह अधिकारी, दिनेश चंद्र, आवास गृह के प्रबंधक मनोज कुमार, गैस प्रबंधक अशोक कुमार, बलवंत सिंह, बबलू, गजेंद्र सिंह, हर सिंह, ललित आदि उपस्थित रहे।

# सल्फास खाने से महिला की मौत, पति समेत चार पर केस

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** संदिग्ध परिस्थितियों में सल्फास खाने से एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका की मां की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार ससुरालियों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड छह निवासी विद्या देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी मूर्ति देवी उर्फ हेमा का विवाह 30 मार्च 2018 को गोपाल प्रसाद निवासी सितारगंज के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति गोपाल प्रसाद, जेठ मोहन प्रसाद, जेठानी राधा और ननद राजो कम दहेज लाने को लेकर हेमा को ताने देते थे और उसका उत्पीड़न करते थे। तहरीर के अनुसार 27 जुलाई को मारपीट के बाद हेमा रुद्रपुर स्थित अपने भाई के घर चली गई थी। बाद में पति और ननद द्वारा दोबारा प्रताड़ित न करने का भरोसा दिलाने पर वह सितारगंज लौट आई। आरोप है कि 11 अगस्त को हेमा ने फोन कर अपने परिजनों को बताया कि पति उस पर सल्फास खाने का दबाव बना रहा है। कुछ देर बाद पति ने उसके भाई को फोन कर हेमा के सल्फास खाने की जानकारी दी। परिजन उसे सितारगंज अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से हालत गंभीर होने पर हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। एसएसआई जावेद मलिक ने मुकदमा दर्ज होने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# किशोरी से शारीरिक संबंध का आरोप, फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** कोतवाली क्षेत्र में 17 वर्षीय किशोरी के साथ कथित तौर पर शारीरिक संबंध बनाने और आपत्तिजनक फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने का मामला सामने आया है। किशोरी के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राजवीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर के अनुसार, आरोपी राजवीर ने उसकी 17 वर्षीय बहन के साथ शारीरिक संबंध बनाए। परिजनों को इसकी जानकारी होने पर उन्होंने इसका विरोध किया और पुलिस में शिकायत करने की बात कही। आरोप है कि इस पर राजवीर ने किशोरी के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। मामले में किशोरी के भाई ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी राजवीर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# खंड विकास कार्यालय परिसर से स्कूटी चोरी

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** खंड विकास कार्यालय परिसर से एक व्यक्ति की स्कूटी चोरी हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम डियोढ़ी नानकमत्ता निवासी दिनेश सिंह के अनुसार 12 अगस्त को वह तहसील संबंधी दस्तावेज लेकर खंड विकास कार्यालय, सितारगंज पहुंचे थे। उन्होंने अपनी स्कूटी कार्यालय परिसर में खड़ी की और अंदर काम निपटाने चले गए। करीब एक घंटे बाद जब वह बाहर आए तो निर्धारित स्थान पर स्कूटी नहीं मिली। उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन स्कूटी का कोई पता नहीं चला। इसके बाद दिनेश सिंह ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और स्कूटी की तलाश के साथ मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सितारगंज में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्कूली छात्र-छात्राओं ने भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष से नगर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और स्कूली छात्राओं ने तिरंगा चौराहे से यात्रा शुरू की। यात्रा रामलीला मैदान पहुंची, जहां राष्ट्रगान के बाद इसका समापन हुआ। इस दौरान लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान का संदेश दिया। वहीं, जीआईसी सितारगंज के छात्र-छात्राओं ने भी नगर में तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा तिरंगा चौराहे से होते हुए वापस विद्यालय परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह, राकेश त्यागी, रवि रस्तोगी, पंकज गहलोत, साने आलम, चंदन श्रीवास्तव, राधेश्याम सागर, जानकी कोहली, सरफराज अंसारी, वसीम मियां सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अगले तीन घंटों के लिए ऑरेंज अलर्ट, भारी वर्षा एवं आकाशीय बिजली की चेतावनी



**चंपावत।** भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार 14 अगस्त 2026 को प्रातः 10:14 बजे से दोपहर 1:14 बजे तक कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने तथा भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है मौसम विभाग के अलर्ट के चलते चंपावत जिले में सुबह से ही मूसलाधार बारिश जारी है। जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार ने मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए जनपद के समस्त संबंधित अधिकारियों एवं आपदा प्रबंधन तंत्र को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा एवं आकाशीय बिजली से संभावित परिस्थितियों पर लगातार निगरानी रखते हुए किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि अत्यधिक वर्षा एवं गर्जन के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें, खुले स्थानों एवं पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचें तथा नदी-नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों के आसपास न जाएं। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल संबंधित तहसील प्रशासन अथवा जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र को सूचना दें। जिला प्रशासन द्वारा जनपद में मौसम की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा सभी संबंधित विभागों को आवश्यक सावधानी एवं तत्परता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। लोहाघाट में सुबह से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश एसडीएम लोहाघाट नीतू डांगर ने पूरी प्रशासनिक मशीनरी को अलर्ट मोड पर रखा है। एसडीएम लोहाघाट ने बताया भारी बारिश को देखते हुए यातायात को सुचारू रखने के लिए सड़कों में जगह-जगह जेसीबी मशीन तैनात की गई है नदियों के जल स्तर पर प्रशासन नजरे बनाए हुए हैं। तथा लोगों से नदियों के किनारे न जाने क्या अपील भी की गई है। उन्होंने कहा किसी प्रकार की आपदा आने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

# स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता आयोजित खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह



**टनकपुर।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में, खेल निदेशालय उत्तराखण्ड के सौजन्य से जिला खेल कार्यालय चम्पावत द्वारा स्वर्गीय कैलाश गहतोड़ी स्पोर्ट्स स्टेडियम, टनकपुर में जनपद स्तरीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि टनकपुर कोतवाल चेतन रावत एवं उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह धामी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस आयोजन का मुख्य ध्येय युवाओं एवं बच्चों में खेल भावना का संचार करना, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा उनमें अनुशासन व प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता विकसित करना रहा। प्रतियोगिता में क्षेत्र के सैकड़ों धावकों ने पूर्ण उत्साह व खेल भावना के साथ प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता के परिणामों में अंडर-14 बालक वर्ग में मोहित कुमार ने प्रथम, मयंक गुप्ता ने द्वितीय, अंशु कुमार ने तृतीय, आदर्श कुमार ने चतुर्थ, प्रकाश नेगी ने पंचम तथा आयुष एरी ने छठा स्थान हासिल किया। अंडर-14 बालिका वर्ग में सीमा बोहरा प्रथम स्थान पर रहीं, जबकि दिया, नैना चोराकोटी, पूजा, नंदनी एवं दिशा ने क्रमशः द्वितीय से छठा स्थान प्राप्त किया।सीनियर बालक वर्ग की कड़ी प्रतिस्पर्धा में सौरभ ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी। पवन रेशवाल द्वितीय, सौरभ बिष्ट तृतीय, आयुष खनका चतुर्थ, मनीष पांडे पंचम एवं राजू बिष्ट छठे स्थान पर रहे। वहीं सीनियर बालिका वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सरिता, प्रियंका, सिया, प्रीति एवं दिशा बिष्ट ने क्रमशः द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम एवं छठा स्थान अर्जित किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर शिक्षा विभाग से ललित मोहन भट्ट, रचित वल्दिया एवं चंद्र सिंह खोलिया मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त खेल विभाग की ओर से फुटबॉल प्रशिक्षक गौरव खोलिया, बॉक्सिंग प्रशिक्षक ललित मोहन कुँवर व सूरज पांडे, हॉकी प्रशिक्षक प्रकाश सिंह, क्रिकेट प्रशिक्षक मनोज टकवाल, वॉलीबॉल प्रशिक्षक आशा पांडे, हैंडबॉल प्रशिक्षक महेश चुफाल, ताईक्वांडो प्रशिक्षक इमरान, एथलेटिक्स प्रशिक्षक आकाश, हीरा, दीपक तथा राकेश जोशी सहित खेल विभाग के अनेक अधिकारी एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# 20 अगस्त से बरदाखान बिसराडी आली सड़क के लिए ग्रामीण करेंगे डीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन



**बाराकोट।** बरदाखान बिसराडी आली सड़क के लिए ग्रामीण 20 अगस्त से जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे। साथ ही सड़क का सुधारीकरण और डामरीकरण नहीं हुआ तो विधानसभा चुनाव का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा। चंपावत जिले के बाराकोट विकासखण्ड के बर्दाखान बिसराडी आली सड़क का निर्माण 2005 में हो गया था जो 21 वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक इस सड़क में बिसराडी से आली गांव तक डामरीकरण का कार्य नहीं हो पाया हैं। जिसमें कुल 6 किमी की इस सड़क में 3 किमी सड़क में ही अभी तक डामरीकरण का कार्य हो पाया हैं और शेष 3 किमी पूरी तरह कच्ची हैं जिसमें वाहनों का आवागम में काफी परेशानी का सामना खाना पड़ रहा हैं , जिसमें इस से पूर्व पंचायत चुनाव से पहले भी सड़क न डामरीकरण का कार्य नहीं होने पर पंचायत चुनाव का बहिष्कार का ऐलान गांव और क्षेत्र के लोगों ने की थी लेकिन जिलाधिकारी के आश्वासन के बाद लोगों ने चुनाव में वोट देने के लिए तैयार हो थे। लेकिन उसक बाद भी 01 साल का इंतजार करने के बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई हैं, जिसमें अब यहां के लोगों का कहना हैं कि इस बार अगर सड़क का डामरीकरण का कार्य नहीं होता हैं तो वो होने वाले विधानसभा चुनाव का पूर्ण बहिष्कार करेंगे।

वही अब ग्रामीणों न मन बना लिया हैं कि वह 20 अगस्त से जिलाधिकारी कार्यालय मे धरना प्रदर्शन करेंगे। वहीं पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख नन्दा बल्लभ बगौली ने बताया कि उन्होंने कई बार इस सड़क के लिए मुख्यमंत्री के सामने सचिवालय और उनके आवास में जा कर भी इसके डामरिकरण की मांग की और लोनिवि मंत्री सतपाल महराज के पास जा कर भी इसके सुधारीकरण की मांग की, और कई बार बीडीसी तहसील दिवस और जिलाधिकारी को इसके डामरीकरण की मांग की लेकिन अभी तक इसके लिए सरकार के पास कोई पैसा नहीं हैं। और बार बार विभाग द्वारा ज्यादा बजट का एस्टीमेट बनाने का। और फिर से दुबारा से एस्टीमेट भेजने का बहाना बनाया जा रहा हैं जनता के साथ इस बार चुनाव का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा और 20 अगस्त से जिलाधिकारी कार्यालय में धरना प्रदर्शन करेंगे । जिसमें क्षेत्र पंचायत सदस्य शांति देवी, पुष्कर सिंह, मदन सिंह चौधरी, मुकेश सिंह, मनोज नाथ, दीवान राम, निर्मल राम , गणेश सिंह, पूरन नाथ, बहादुर राम, रुद्र सिंह, सुरेन्द्र प्रसाद, आदि शामिल होंगे।

## सीएम घोषणा से चम्पावत में विद्युत ढांचे का होगा विस्तार, अमोड़ी व भगीना भंडारी को मिलेंगे नए विद्युत उपकेंद्र



**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र चम्पावत के लिए की गई घोषणाओं के क्रम में क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ एवं अधिक विश्वसनीय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 853/2026 के तहत अमोड़ी एवं भगीना भंडारी में दो 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्रों की स्थापना की जाएगी। इन विद्युत उपकेंद्रों की स्थापना से संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा स्थानीय उपभोक्ताओं को बेहतर एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था के विस्तार के साथ ही वोल्टेज संबंधी समस्याओं से निजात मिलेगी ।घोषणा के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए सचिव, ऊर्जा विभाग, उत्तराखण्ड शासन को आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही योजना के लिए वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति जारी किए जाने तथा इसकी प्रगति से मुख्यमंत्री कार्यालय को तत्काल अवगत कराने का अनुरोध किया गया है।जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि अमोड़ी एवं भगीना भंडारी में नए विद्युत उपकेंद्र स्थापित होने से क्षेत्रवासियों को बेहतर, सुचारु एवं अधिक विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा। इससे स्थानीय लोगों की विद्युत संबंधी समस्याओं में कमी आएगी और क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी।उन्होंने कहा जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री की घोषणा के शीघ्र क्रियान्वयन को प्राथमिकता देते हुए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। दोनों विद्युत उपकेंद्रों की स्थापना से चम्पावत विधानसभा क्षेत्र के संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति के बुनियादी ढांचे को नई मजबूती मिलने के साथ ही क्षेत्रवासियों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा।

## सीएम धामी ने कालूखाड़ मेरोली में करोड़ों के विकास कार्य किए स्वीकृतः कलखुड़िया



**चंपावत।** भाजपा जिला महामंत्री चंपावत मुकेश कलखुड़िया ने जानकारी देते हुए बताया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के द्वारा चंपावत के प्रसिद्ध सिद्ध नरसिंह मंदिर सौंदर्यकरण के लिए एक करोड़ ,एडी मंदिर सौंदर्यकरण के लिए 81 लाख व फुटलिग मंदिर सौंदर्यीकरण के लिए धन राशि जारी की है। कलखुड़िया ने बताया इसके अलावा मेरोली ग्राम पंचायत के आंतरिक रास्तो के लिए 1.50 करोड रूपए तथा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत गुरौली से कालूखाड़ मेरोली तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से 10 किलोमीटर रोड स्वीकृत की गई है जिनमे जल्द कार्य शुरू किया जाएगा। भाजपा जिला महामंत्री कलखुड़िया ने बताया मुख्यमंत्री जी के द्वारा गांव के विकास के लिए करोड़ों रुपए की योजनाएं स्वीकृत की गई है। इसके अलावा ग्राम सभा में प्रधानमंत्री आवास योजना से 24 भवन भी स्वीकृत किए गए हैं । जिसके लिए वह समस्त ग्रामीण वासियों की ओर से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को धन्यवाद देते है। उन्होंने कहा जल्द ही विकास कार्य धरातल पर नजर आने लगेंगे।

## खेतीखान में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ निकली तिरंगा यात्रा



**चंपावत।** जिले के खेतीखान में भाजपा के द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। खेतीखान मंडल अध्यक्ष बबलू देव के नेतृत्व में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा में नगर के विभिन्न विद्यालयों के स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ-साथ पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल व भाजपा नेता तथा आम जनता शामिल रही। यात्रा का शुभारंभ केड़ा गांव से किया गया तिरंगा यात्रा विभिन्न स्थानों से होते हुए खेतीखान बाजार तक पहुंची ।जहा राष्ट्रीय गान के साथ यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान भारत माता के जयकारों से पूरा खेतीखान गूंज उठा। मंडल अध्यक्ष बबलू देव व पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल ने बताया देश की आजादी की 80 वीं वर्षगांठ के अवसर पर उत्तराखंड में सभी जनपदों में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आम जनता व छात्र-छात्राओ में देशभक्ति की भावना जागृत करना तथा तिरंगे का सम्मान करना है। इस दौरान महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गी पंडित हर्ष देव ओली की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर देश की आजादी के लिए उनके त्याग संघर्ष एवं राष्ट्र सेवा को नमन किया गया।तिरंगा यात्रा में कई भाजपा नेता वह स्कूली छात्र छात्राएं शामिल रही।

## धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ निकली तिरंगा यात्रा। सैकड़ो छात्र छात्राएं व जनप्रतिनिधि शामिल





**लोहाघाट।** चंपावत जिले के लोहाघाट में भाजपा के द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गिरीश कुवर की अध्यक्षता व सह संयोजक राजू गढ़कोटी के नेतृत्व में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा में नगर के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ-साथ भाजपा नेता व आम जनता शामिल रही। यात्रा का शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय प्रांगण से किया गया। तिरंगा यात्रा नगर के मीना बाजार ,शीतला माता मंदिर ,स्टेशन बाजार ,खड़ी बाजार होते हुए रामलीला मंच पहुंची । जहा राष्ट्रीय गान के साथ यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान भारत माता के जयकारों से पूरा लोहाघाट नगर गूंज उठा। यात्रा संयोजक राजेंद्र गरकोटी व भाजपा नेताओं ने बताया देश की आजादी की 80 वीं वर्षगांठ के अवसर पर उत्तराखंड में सभी जनपदों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आम जनता व छात्र-छात्राओं में देशभक्ति की भावना जागृत करना है। तिरंगा यात्रा में दर्जा राज्य मंत्री सुभाष बगौली, पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल, पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, भाजपा प्रदेश मंत्री निर्मल माहरा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतीश चंद्र पांडे, नगर मंडल अध्यक्ष गिरिश कुवर , व्यापार मंडल अध्यक्ष मनीष जुकरिया, नरेश करायत, चंद्रशेखर बगोली, गोविंद सिंह बोहरा, पूर्व प्रमुख योगेश मेहता, वरिष्ठ व्यापारी कीर्ति बगौली, जीवन गहतोड़ी, निक्कू जोशी, अर्जुन महरा, लोहित खोलिया, बलवंत गिरी, पंकज ढेक, गिरीश महरा, दीपक जोशी पान सिंह,श्रीमती सुषमा फर्त्याल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला महरा, शांभवी मुरारी सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।